
UPHIN/2011/39718
(डिजिटल संस्करण)
बुन्देलखण्ड का सबसे दबंग अखबार



संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक
7905027565
9415055318

दैनिक
# यंग भारत
निष्पक्ष नज़र निर्भीक खबर
Digital Edition

यंग भारत वेब न्यूज़
सहयोगी प्रकाशन/प्रसारण
दैनिक वास्तविक समाज वाद-लखनऊ
प्रमुख उर्दू दैनिक तामीरे नौ -लखनऊ

वर्ष-14 अंक-156 कीर्ति शेष रामेश्वर दयाल श्रीवास्तव (लम्बरदार) की स्मृति में उरई (जालौन) सोमवार 18 मई 2026 youngbharatE-paper.com

## योगी सरकार बेटियों को देने जा रही सौगात, 70 हजार छात्राओं को देगी इलेक्ट्रिक स्कूटी



संजय श्रीवास्तव

( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** योगी सरकार युवाओं को लगातार एक के बाद एक सौगात रही है. अब योगी सरकार राज्य की बेटियों को बड़ा तोहफा देने जा रही है. सीएम योगी ने ये कदम बेटियों की शिक्षा, सुरक्षा उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए उठाया है.जिसके तहत योगी सरकार राज्य के उच्च शिक्षण संस्थानों में पढ़ाने वाली 70 हजार से अधिक मेधावी छात्राओं को मुफ्त इलेक्ट्रिक स्कूटी की सौगात देने जा रही है.

बता दें कि योगी सरकार अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों को देखते हुए अपनी महत्वाकांक्षी 'रानी लक्ष्मीबाई स्कूटी योजना' को धरातल पर उतारने की तैयार कर रही है. जिसके लिए शासन स्तर पर तैयारियां युद्ध स्तर पर चल रही हैं. ऐसे में उच्च शिक्षा निदेशालय ने राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों डिग्री कॉलेजों से पात्र छात्राओं का डेटा जुटाना शुरू कर दिया है. यूपी सरकार की इस योजना की



सबसे खास बात ये है कि इस योजना से मिलने वाली स्कूटी के लिए छात्राओं को पेट्रोल ईंधन पर होने वाले भारी-भरकम खर्च से राहत मिलेगी. साथ ही पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा भी मिलेगा. ऐसे में योगी सरकार ने सामान्य स्कूटी के बजाय 'इलेक्ट्रिक स्कूटी' (श्व-स्ष्श्वह्लद्दह्) छात्राओं को देने का निर्णय लिया है. शुरुआती अनुमानों के मुताबिक, एक इलेक्ट्रिक स्कूटी की सरकारी खरीद लागत लगभग 55 हजार रुपये है. योगी सरकार ने इस ड्रीम प्रोजेक्ट के लिए 400 करोड़ रुपये का बजट पहले ही आवंटित कर दिया है. तकनीकी रूप से इस बजट से करीब 72,727 स्कूटी खरीदी जा सकती हैं, लेकिन आयोजन, परिवहन अन्य प्रशासनिक व्यवस्थाओं के खर्च को शामिल कर लिया जाए तो इस योजना से कम से कम 70 हजार से ज्यादा बेटियों को स्कूटी की सौगात मिलना तय है. बता दें कि योगी सरकार इस योजना के तहत जल्द ही स्कूटी का वितरण शुरू करेगी. इसे लेकर उच्च शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा सीएम योगी के समक्ष एक विस्तृत रोडमैप प्रस्तुति किया है. विभागीय सूत्रों की मानें तो अगले छह महीनों के भीतर पात्र छात्राओं के को स्कूटी का वितरण कर दिया जाएगा. बता दें कि सीएम योगी ने पूर्व में महिला दिवस यानी 8 मार्च को सार्वजनिक मंच से बेटियों को जल्द ही स्कूटी वितरित करने का बात दोहराई थी.इसके साथ ही योगी सरकार ने ये साफ कर दिया है कि स्कूटी वितरण की प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी न्यायसंगत होगी. उन्होंने कहा कि समाज के सभी वर्गों की मेधावी बेटियों को समान अवसर देने के लिए सरकारी नौकरियों की तर्ज पर इस योजना में भी अनारक्षित, अन्य पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग दिव्यांग वर्ग की छात्राओं के लिए आरक्षण नियमों के तहत स्कूटी का वितरण किया जाएगा.

## यूपी के ग्राम प्रधानों की मौज! 26 मई को खत्म हो रहा कार्यकाल

### लेकिन इस बार नहीं छिनेगी कुर्सी? आया बहुत बड़ा अपडेट

( यंग भारत न्यूज )

प्रदेश की ग्रामीण राजनीति और पंचायत व्यवस्था को लेकर इस वक्त की सबसे बड़ी खबर सामने आ रही है। यूपी की ग्राम पंचायतों में एक बहुत बड़ा प्रशासनिक फेरबदल देखने को मिल सकता है। राज्य की मौजूदा ग्राम पंचायतों का कार्यकाल अब बिल्कुल खत्म होने की कगार पर आ खड़ा हुआ है और इसमें अब महज कुछ ही दिनों का समय शेष रह गया है। ऐसे में पंचायत व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने और प्रशासनिक जिम्मेदारियों को बांटने को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार और पंचायती राज विभाग के स्तर पर मंथन काफी तेज हो गया है। इस बड़े बदलाव को लेकर गांवों से लेकर लखनऊ के गलियारों तक भारी सियासी हलचल मची हुई है।

उत्तर प्रदेश में मौजूदा ग्राम पंचायतों का निर्धारित कार्यकाल आगामी 26 मई को समाप्त होने जा रहा है। इस तारीख के बाद सभी ग्राम पंचायतें औपचारिक रूप से पूर्व घोषित हो जाएंगी। कार्यकाल खत्म होने की स्थिति को देखते हुए पंचायतों के रोजमर्रा के कामकाज और संचालन के लिए सरकार बैकअप प्लान यानी वैकल्पिक व्यवस्था पर गंभीरता से विचार कर रही है। योगी सरकार की पूरी कोशिश है कि कार्यकाल खत्म होने के बाद भी ग्रामीण इलाकों की व्यवस्था में कोई प्रशासनिक शून्य (गैप) पैदा न हो और गांवों में चल रहे विकास कार्यों की रफ्तार में किसी भी तरह की रुकावट न



आए। इस वक्त यूपी के सियासी हलकों में सबसे बड़ी चर्चा और सस्पेंस इस बात को लेकर बना हुआ है कि क्या ग्राम पंचायतों का कार्यभार इस बार भी मौजूदा ग्राम प्रधानों के हाथों में ही रहेगा ? चर्चा है कि सरकार इस बार ग्राम प्रधानों को ही 'प्रशासक' (एडमिनिस्ट्रेटर) के रूप में नियुक्त कर सकती है। सूबे के पंचायती राज मंत्री ओम प्रकाश राजभर लगातार सार्वजनिक तौर पर यह बयान दे रहे हैं कि मौजूदा ग्राम प्रधानों को ही गांवों का प्रशासक बनाया जाना चाहिए। विभागीय स्तर पर भी इस खास प्रस्ताव पर बहुत ही गंभीरता से फाइलें दौड़ाई जा रही हैं। जानकारों का मानना है कि सरकार का यह कदम राजनीतिक रूप से भी बेहद मास्टरस्ट्रोक साबित हो सकता है, क्योंकि इससे पंचायत चुनाव में हो रही देरी की वजह से ग्राम प्रधानों के भीतर पनप रही नाराजगी को आसानी से शांत किया जा सकेगा। अगर उत्तर प्रदेश के पुराने इतिहास और पंचायत नियमों पर नजर डालें, तो इससे पहले जब भी ग्राम पंचायतों का कार्यकाल समाप्त होता था, तब एक तय प्रशासनिक व्यवस्था लागू की जाती थी। इसके तहत ब्लॉक स्तर के अधिकारियों जैसे एडीओ पंचायत और ग्राम पंचायत सचिवों (ङ्कष्ठह्) को प्रशासक नियुक्त कर ग्राम पंचायतों के संचालन की पूरी चाबी सौंप दी जाती थी। लेकिन इस बार की सियासी परिस्थितियां पहले से काफी अलग नजर आ रही हैं और सरकार सरकारी बाबुओं की जगह सीधे जनता के चुने हुए प्रतिनिधियों यानी ग्राम प्रधानों को ही पहली प्राथमिकता देने के मूड में दिखाई दे रही है। उत्तर प्रदेश में ग्राम पंचायत चुनाव समय पर नहीं हो पाने के पीछे कई बड़े प्रशासनिक और कानूनी कारण सामने आए हैं। सबसे बड़ी वजह यह है कि राज्य में मतदाता सूची (वोटर लिस्ट) का अंतिम प्रकाशन कई बार टाला जा चुका है और अब इसके आगामी 10 जून को जारी होने की उम्मीद जताई जा रही है। इसके अलावा, राज्य में पिछड़ा वर्ग आरक्षण आयोग के गठन में हुई देरी के चलते भी पंचायत चुनाव की पूरी प्रक्रिया बुरी तरह प्रभावित हुई है। यही वजह है कि तमाम कोशिशों के बाद भी चुनाव को समय सीमा के भीतर नहीं कराया जा सका। इस पूरे मामले को लेकर उत्तर प्रदेश का ग्राम प्रधान संगठन भी लगातार लामबंद हो रहा है। प्रधान संगठनों की तरफ से सरकार के सामने यह पुरजोर मांग रखी जा रही है कि यदि प्रशासनिक कमियों के कारण चुनाव समय पर नहीं हो पा रहे हैं, तो मौजूदा ग्राम प्रधानों को ही प्रशासक की पूरी जिम्मेदारी सौंपी जाए। संगठनों का साफ तर्क है कि ऐसा करने से ग्रामीण स्तर पर चल रहे जरूरी विकास कार्यों में निरंतरता बनी रहेगी।

## सुर्खियां.............

### शराब के नशे में तीसरी मन्जिल से गिर कर अधेड़ की हुई मौत

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी-उरई।** स्थानीय नगर के मोहल्ला आलमपुर स्थित कांशीराम आवासीय कालौनी में रहने वाले अधेड़ व्यक्ति कथित तौर पर शराब के नशे कालौनी की तीसरी मन्जिल से गिर गया। फलस्वरूप इलाज के दौरान मौत हो गई।

### नए एसडीएम तेज तर्रार रिंकू सिंह के नेतृत्व में 2 दिन में 255 दुकानों का हटाया गया अतिक्रमण

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन - उरई।** नगर में लगातार लग रहे जाम और सड़कों पर बढ़ते अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट रिंकू सिंह राही के नेतृत्व में चलाए जा रहे अतिक्रमण विरोधी अभियान के तहत नगर पालिका परिषद ने दो दिनों में 255 दुकानदारों पर कार्रवाई करते हुए 72340 रुपये का जुर्माना वसूला।

### ट्यूबवेल भी खराब, पेयजल की लाइन भी टूटी, बूंद बूंद को परेशान हो रहे जालौन वासी

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन - उरई।** भीषण गर्मी के बीच नगर में जगह-जगह पानी की पाइपलाइन लीकेज होने और ट्यूबवेल खराब होने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नगरवासी ने डीएम को शिकायती पत्र भेजकर समस्या का समाधान कराने की मांग की है।

## हैंडपंप पर पानी पिया तो दलित बाप-बेटे से चटवाया थूक

### जूते में पिलाया पानी! निर्वस्त्र कर लाठियों से पीटा

( यंग भारत न्यूज )

**कानपुर।** समाज में हम अक्सर बराबरी और मानवता की बड़ी-बड़ी बातें सुनते हैं, लेकिन उत्तर प्रदेश के कानपुर से आई एक खबर ने इंसानियत को एक बार फिर शर्मसार कर दिया है। प्यास बुझाने जैसे बुनियादी काम के लिए एक बाप-बेटे को ऐसी सजा दी गई है जिसे सुन आपकी भी रूह कांप जाएगी।

यह हृदय विदारक घटना सचेंडी थाना क्षेत्र के झखरा संभरपुर गांव की है। बीती 2 मई की रात को एक दलित मजदूर अपने 16 वर्षीय बेटे के साथ खेतों में काम कर रहा था। काम के दौरान बेटे को प्यास लगी, तो वह पास ही लगे एक



सरकारी हैंडपंप पर पानी पीने चला गया। वहां रखे कुछ बर्तनों का उपयोग करना उस किशोर के लिए काल बन गया। आरोप है कि जैसे ही उसने वहां रखी बाल्टी और लोटे को हाथ लगाया, वहां मौजूद दबंगों का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया। संजय राजपूत, उसका भाई दीपक और उनके साथियों ने किशोर को जातिसूचक गालियां देना शुरू कर दिया। दबंगों का तर्क था कि 'नीच जाति' के लड़के ने बर्तन छूकर उनका धर्म और पानी दोनों भ्रष्ट कर दिए हैं। दबंगों की क्रूरता यहीं नहीं रुकी। उन्होंने उस मासूम किशोर को बीच सड़क पर घसीटा और उसे निर्वस्त्र कर दिया। इसके बाद उसे 'मुर्गा' बनने पर मजबूर किया गया और लाठी-डंडों के साथ-साथ लात-घूंसों से उसकी बेरहमी से पिटाई की गई। रिपोर्ट्स की मानें तो पीड़ित पिता ने जो आपबीती सुनाई वह किसी भी सभ्य समाज को शर्मसार करने के लिए काफी है। पिता के अनुसार, हमलावरों ने अपना जूता उतारकर उसमें थूका और उस किशोर को चाटने पर मजबूर किया। इतना ही नहीं, जूते में पानी भरकर उसे पीने के लिए विवश किया गया। जब पिता बेटे को बचाने दौड़ा, तो दबंगों ने उसे भी नहीं बख्शा। इस खौफनाक हमले में पिता की पसलियां टूट गईं और उसके बेटे का हाथ फ्रैक्चर हो गया। हैरानी की बात यह है कि इतनी गंभीर और अमानवीय घटना होने के बावजूद यूपी पुलिस ने मामला दर्ज करने में 13 दिन लगा दिए। घटना 2 मई की है, लेकिन प्राथमिकी काफी देरी से दर्ज की गई। पुलिस का कहना है कि शुरुआती जांच में खेत में कूड़ा या डायपर फेंकने को लेकर पुराना विवाद भी सामने आया है। हालांकि, जिस तरह की बर्बरता किशोर के साथ की गई उसने विवाद के हर दूसरे पहलू को पीछे छोड़ दिया है। सचेंडी थाना प्रभारी ने बताया कि चारों नामजद आरोपियों- संजय, दीपक, सागर और पटिया के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। एसीपी पनकी खुद इस मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए इसकी जांच कर रहे हैं, ताकि पीड़ित परिवार को उचित न्याय मिल सके।

## उरई का 'लावारिस' लघु सिंचाई विभाग का वारिस बनकर बैठा अभियंता जादौन दम से कर रहा है मनमानी, भ्रष्टाचार और सरकार के राजस्व को खाने का रिकॉर्ड तोड़ काम

### जादौन की विभाग में ऐसी हनक है कि इसने एक्सईएन को उसने उरई आने से रोक दिया है

- एक्सईएन को देता है बंधा बंधाया माल और मालिक की तरह चलाता है उरई के खंड को
- 'डीएम का खास होने तथा विभागीय मंत्री' का मुंह लगा होने का अपने ही मुँह से करता है जमकर प्रचार, उतनी ही दम से लूटता है सरकार का फण्ड और किसानों को घटिया समान देकर उनको भी लगाता है चूना

( प्रधान सम्पादक )
( यंग भारत न्यूज )

**उरई/जालौन।** जनपद जालौन के लघु सिंचाई विभाग में करोड़ों रुपये के कथित घोटाले, फर्जी भुगतान, अवैध मशीन



पंजीकरण और किसानों के शोषण के गंभीर आरोपों ने विभागीय कार्यप्रणाली पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं। विभाग के अधिशासी अभियंता अश्विनी कुमार समेत कई अधिकारियों, कर्मचारियों और ठेकेदारों पर सरकारी धन के दुरुपयोग और योजनाओं में अनियमितताओं के आरोप लगाए गए हैं। शिकायतकर्ताओं ने पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

शिकायत के अनुसार अश्विनी कुमार जब बांदा खंड में जूनियर इंजीनियर (जेई) के पद पर कार्यरत थे, तब केंद्रीय भंडार में करोड़ों रुपये की हेराफेरी की गई। आरोप है कि सामग्री को भंडार अभिलेखों में दर्ज किए बिना सीधे भुगतान कराया गया। व्यय बाउचरों में फर्जी प्रविष्टियां कर तत्कालीन अधिशासी अभियंताओं की मिलीभगत से सरकारी धन का दुरुपयोग किया गया। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि यदि व्यय बाउचरों और स्टोर अभिलेखों का मिलान कराया जाए तो पूरा मामला उजागर हो सकता है। इतनी गंभीर शिकायतों के बावजूद अश्विनी कुमार को पहले जेई से सहायक अभियंता और बाद में अधिशासी अभियंता पद पर पदोन्नति दिए जाने को लेकर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। आरोप है कि विभागीय और शासन स्तर पर प्रभाव के कारण उन्हें लगातार संरक्षण मिलता रहा। रायबरेली और इलाहाबाद में सहायक अभियंता के रूप में तैनाती के दौरान भी उन पर अपने दायित्वों की अनदेखी के आरोप लगे। शिकायत में कहा गया है कि उन्होंने केंद्रीय भंडार का भौतिक सत्यापन नहीं किया, निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की जांच नहीं की, बोरिंग कार्यों के दौरान मौके पर मौजूद नहीं रहे और बिना सत्यापन के ही करोड़ों रुपये के भुगतान करा दिए। वर्तमान में झांसी खंड के साथ जालौन खंड का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे अश्विनी कुमार पर निविदा प्रक्रिया में अनियमितताएं कर अनुबंध करने के आरोप लगाए गए हैं। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि किसानों को दी जाने वाली अनुदान राशि को निर्धारित बजट मद के बजाय डीसीएल मद से भुगतान किया गया। आरोप यह भी है कि विभाग ने ऐसी निजी हैवी बोरिंग मशीनों को पंजीकृत कर कार्य आवंटित कर दिया जिनके पास आवश्यक दस्तावेज नहीं थे। कई मशीनों के पास ट्रैक्टर का व्यावसायिक पंजीकरण नहीं था और न ही गहरी बोरिंग कार्य का अनुभव प्रमाण पत्र था। इसके बावजूद उन्हें विभागीय कार्य दिए गए। कुछ मशीनें पहले अन्य जिलों में पंजीकृत थीं, जिन्हें जालौन में दोबारा पंजीकृत किए जाने का भी आरोप है। सबसे चौंकाने वाला आरोप यह है कि 30 सितंबर 2025 को सेवानिवृत्त हो चुके जेई रामकुमार अभी भी विभागीय कार्यालय और केंद्रीय भंडार में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि उन्हें कार्यालय में बैठाकर किसानों और ठेकेदारों के बीच सांठगांठ कराई जा रही है। विगत दो वर्षों और वित्तीय वर्ष 2025-26 में अपंजीकृत मशीनों से गहरी बोरिंग कराए जाने का मामला भी सामने आया है। शिकायत के अनुसार बाजार दर लगभग 150 रुपये प्रति फुट होने के बावजूद पंजीकृत फर्मों के नाम पर भुगतान किया गया और प्रत्येक बोरिंग पर करीब एक लाख रुपये अतिरिक्त निकाले गए। आरोपों में यह भी कहा गया है कि किसानों के खेतों में मशीन लगाए बिना केवल पाइप उपलब्ध कराकर कागजों में बोरिंग कार्य पूर्ण दिखाया जा रहा है। किसानों को दी जाने वाली सामग्री में भी घटतौली की शिकायतें सामने आई हैं। इस पूरे मामले में सेवानिवृत्त जेई रामकुमार, एई सुरेंद्र, एई जादौन, ईई अश्विनी कुमार, वरिष्ठ सहायक रोहित खरे, लेखाकार देवेश और कुछ ठेकेदारों की मिलीभगत होने का आरोप लगाया गया है। शिकायतकर्ताओं ने मांग की है कि केंद्रीय भंडार को तत्काल सील कर स्टॉक का सत्यापन कराया जाए, ताकि सामग्री की कमी और फर्जी भुगतान की सच्चाई सामने आ

- बोरिंग की गरज में घूम रहे किसानों से कोरे कागजो पर पहले ही करा लेता है हस्ताक्षर फिर दम से करता है बंदरबांट
- उरई के बड़े स्टोर की जांच यदि करा ली जाए तो बहुत बड़ी रकम के बंदरबांट का हो जाएगा खुलासा
- पूर्व में कई अभियंता जो स्टोर के इंचार्ज थे उन्होंने पूरी तरह से नही दिया चार्ज मगर फिर भी नो ड्यूस लेकर चले गए तबादले पर
- आज बैठे हैं विभाग की ऊंची कुर्सियों पर
- जीरो टॉलरेंस वाली सीएम योगी की सरकार भ्र्ष्टाचार मिटा कर यदि किसानों को सच्ची राहत देना चाहती है तो जादौन जैसे महा भ्रष्ट अभियंता पर गाज गिराकर उरई खंड की बारीकी से उच्च स्तरीय जांच कराएं तथा बोरिंगों की गहराई मापी जाए और उनमें लगाए गए मनकविहीन समान की क्वालिटी जांची जाए और दोषी दंडित हों तभी मानेंगे पीड़ित किसान की सरकार हमारी हितेषी है

# विवाहिता की संदिग्ध मौत से मायके और ससुराल पक्ष में बढ़ गया विवाद

## - मृतका के भाई ने घर मे घुसकर दम से की मारपीट और तोड़फोड़ डाला घर का सामान

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** नगर में एक महिला ने संदिग्ध परिस्थित में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी।महिला की मौत के बाद मायके और ससुराल पक्ष के बीच विवाद खुलकर सामने आ गया।जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के आजाद नगर क्षेत्र में शनिवार देर रात मृतका के भाई ने बहनोई के घर पहुंचकर जमकर हंगामा किया। आरोप है कि युवक ने घर में घुसकर बहनोई के बड़े भाई के साथ जमकर मारपीट की और घर में रखा सामान तोड़फोड़ कर बाहर सड़क पर फेंक दिया। घटना से इलाके में अफरा-तफरी मच गई और देर रात तक तनाव का माहौल बना रहा।जानकारी के अनुसार, मृतका ने तीन दिन पहले संदिग्ध परिस्थितियों में आत्महत्या कर ली थी। इस मामले में मायके पक्ष की ओर से ससुराल पक्ष के पांच लोगों के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कराया गया है। मुकदमा दर्ज होने के बाद से ही दोनों परिवारों के बीच विवाद और तनाव बना हुआ था।प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, मृतका का भाई ऑटो से बहनोई के घर पहुंचा और वहां मौजूद लोगों से कहासुनी शुरू हो गई। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और मारपीट होने लगी। आरोप है कि गुस्से में युवक ने घर के अंदर रखा सामान बाहर फेंक दिया और तोड़फोड़ की। इसी दौरान मृतका की छोटी बहन भी मौके पर पहुंच गई और दोनों पक्षों के बीच जमकर नोकझोंक हुई।हंगामे की सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन पुलिस की मौजूदगी में भी काफी देर तक माहौल तनावपूर्ण बना रहा। बाद में पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाकर स्थिति को नियंत्रित में किया।



घटना के दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर जमा हो गए थे। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।वायरल वीडियो की स्वदेश समाचार पत्र पुष्टि नही करता है वीडियो में हंगामा, मारपीट और सड़क पर बिखरा सामान दिखाई दे रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद इलाके में घटना चर्चा का विषय बनी हुई है।

### क्या बोले कोतवाल

इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक बृजेश बहादुर सिंह ने बताया कि वायरल वीडियो और मौके पर मौजूद लोगों के बयान के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। वहीं, दहेज हत्या के दर्ज मुकदमे में भी पुलिस जांच जारी है।

# बाप बड़ा न भय्या, सबसे बड़ा रुपैया

## पैसों को लेकर हुए विवाद में एक भाई ने दूसरे भाई की गर्दन पर छुरी चलाकर बहा दिया खून ही खून, पीड़ित ने पुलिस से की शिकायत

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** कोतवाली क्षेत्र में शनिवार देर रात पारिवारिक विवाद उस समय खूनी संघर्ष में बदल गया, जब दुकान के लेनदेन को लेकर हुए विवाद में एक भाई ने दूसरे भाई पर छुरी से हमला कर दिया। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया।वही मामले की सूचना पुलिस को दे दी गई है।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला आजाद नगर निवासी राजू पुत्र तैयब मकरानी ने पुलिस को प्रार्थनापत्र देकर बताया कि वह 16 मई 2026 को दोपहर अपनी दुकान पर बैठा हुआ था। इसी दौरान उसने अपने भाई ताहिर उर्फ छोटे उर्फ धांसू पुत्र तैयब से दुकान के लेनदेन के पैसे मांगे। पैसों की मांग को लेकर दोनों भाइयों के बीच कहासुनी शुरू हो गई और मामला गाली-गलौज तक पहुंच गया। शिकायतकर्ता का आरोप है कि विवाद के बाद जब राजू अपने घर पहुंचा, तभी उसका भाई भी वहां पहुंच गया और गुस्से में आकर उस पर हमला कर दिया। पीड़ित के अनुसार आरोपी भाई ने उसके सिर पर छुरी से वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर लहूलुहान हो गया। घटना के बाद आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। परिजनों और स्थानीय लोगों की मदद से घायल को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। पीड़ित राजू ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोपी भाई के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने प्रार्थनापत्र पर जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए।

# कैफे के उद्घाटन से पूर्व फट गई कॉफी मशीन, तेज धमाके से मच गई भगदड़, एक युवक घायल

## -दूर तक सुनी गई धमाके की आवाज, इलाके में मची अफरातफरी

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** नगर में उद्घाटन से पहले तैयारियों में जुटे एक नए कैफे में अचानक कॉफी मशीन फटने से इलाके में अफरातफरी मच गई। तेज धमाके के साथ हुई इस घटना में एक युवक घायल हो गया, जबकि दुकान के अंदर रखा सामान भी क्षतिग्रस्त हो गया। घायल युवक को आनन-फानन में निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार किया गया। धमाका इतना जोरदार था कि दूर तक उसकी आवाज सुनी गई।घटना नगर के ईदगाह के आगे महेशपुरा तिराहे के पास कैलिया बाईपास स्थित एक नए कैफे की बताई जा रही है। शनिवार की शाम को ही कैफे का उद्घाटन होना था और उसी को लेकर अंदर तैयारियां चल रही थीं। बताया गया कि शनिवार की दोपहर कर्मचारी नई कॉफी मशीन को चालू कर उसकी टेस्टिंग कर रहे थे। इसी दौरान अचानक मशीन में जोरदार विस्फोट हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक धमाका इतना तेज था कि मशीन के परखच्चे उड़ गए और दुकान के अंदर भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। विस्फोट की आवाज सुनकर आसपास के लोग भी मौके से दौड़ पड़े। हादसे में कैफे में काम कर रहा युवक आसिफ निवासी आजाद नगर घायल हो गया। उसके हाथ में चोट आई हैं। घटना के तुरंत बाद मौजूद लोगों ने घायल युवक को बाहर निकाला और एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया। बताया जा रहा है कि युवक की हालत फिलहाल खतरे से बाहर है। विस्फोट के बाद कैफे के अंदर रखा कुछ सामान भी टूटकर क्षतिग्रस्त हो गया। प्रारंभिक तौर पर हादसे की वजह मशीन में तकनीकी खराबी मानी जा रही है।



# ट्यूबवेल भी खराब, पेयजल की लाइन भी टूटी, बूंद बूंद को परेशान हो रहे जालौन वासी

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन - उरई।** भीषण गर्मी के बीच नगर में जगह-जगह पानी की पाइपलाइन लीकेज होने और ट्यूबवेल खराब होने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नगरवासी ने डीएम को शिकायती पत्र भेजकर समस्या का समाधान कराने की मांग की है।

नगर के मोहल्ला मुरलीमनोहर निवासी अशफाक राईन ने डीएम राजेश पांडेय को शिकायती पत्र भेजकर लिखा कि नगर के कई क्षेत्रों में पानी की लाइन के जॉइंट लीकेज होने के कारण पानी व्यर्थ बह रहा है। इससे एक ओर पेयजल की बर्बादी हो रही है, वहीं दूसरी ओर आसपास के मोहल्लों में पानी का प्रेशर भी सहीं नहीं पहुंच पा रहा है। बताया कि मोहल्ला रापटगंज में असलम के घर के सामने पानी की लाइन का जॉइंट काफी समय से लीकेज है, जिससे लगातार पानी बह रहा है। वहीं पुराना बिजली घर स्थित सब्जी मंडी के पास गन्ने के जूस की दुकान के सामने पाइपलाइन क्षतिग्रस्त है। यहां भी प्रतिदिन बड़ी मात्रा में पानी सड़कों पर बह रहा है। उन्होंने डीएम से मांग की है कि सभी स्थानों की जांच कराकर लीकेज पाइपलाइन, क्षतिग्रस्त लाइन सही कराई जाए।

# साप्ताहिक बंदी सफल कराने के लिए दुकानदारों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन - उरई।** नगर में पूर्ण रूप से साप्ताहिक बंदी सफल कराने के लिए दुकानदारों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने सोमवार के दिन निर्धारित बाजारबंदी को पूर्णरूप से लागू कराने की मांग एसडीएम से की है।

राजेश लाक्षाकार, इरफान, अखिलेश लाक्षाकार, इदरीश, देवेंद्र कुमार, गौतमचंद्र अग्रवाल, घनश्याम गुप्ता, सोहनलाल, नीरज गुप्ता, आशुतोष आदि ने ज्वाइंट मजिस्ट्रेट रिंकू सिंह राही को ज्ञापन सौंपकर बताया कि नगर में सोमवार का दिन साप्ताहिक बंदी के लिए निर्धारित है। पूर्व में अधिकारियों के आकस्मिक भ्रमण के चलते नगर में स्थित सभी दुकानें साप्ताहिक बंदी के दिन बंद ही रहने लगी थीं। कभी कभार अधिकारियों का भ्रमण होता है तो दुकानें बंद हो जाती हैं। लेकिन नियमित भ्रमण न होने से दुकानदार अपनी अपनी दुकानें खोलने लगते हैं इससे उन दुकानदारों को नुकसान होता है तो नियम का पालन करते हुए अपनी दुकानों को बंद रखते हैं। शुरूआत एक दो दुकानों के खुलने से होती है। धीरे धीरे आधा बाजार खुलने लगता है। इनमें शराब ठेका गली, पुरानी नझाई गली के आसपास के अलावा सब्जी मंडी और तहसील रोड पर व कांजी हाउस चौराहे के आसपास, चुर्खी रोड, डां साहनी वाली गली आदि स्थानों के दुकानदार अपनी अपनी दुकानें खोले रहते हैं। उन्होंने नगर में बाजारबंदी सुनिश्चत कराने की मांग ज्वाइंट मजिस्ट्रेट से की है।

# नेहरू महाविद्यालय में कांग्रेस का नियुक्ति पत्र वितरण समारोह सम्पन्न

( यंग भारत न्यूज )

**ललितपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में रविवार को नेहरू महाविद्यालय स्थित तुलसी सभागार में जिला, नगर, ब्लॉक एवं बूथ कमेटियों के नव नियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व केन्द्रीय ग्रामीण विकास राज्यमंत्री प्रदीप जैन आदित्य उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला प्रभारी मुकुट सिंह एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता शशिभूषण सिंह बुंदेला मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष डा.दयाराम रजक ने की। पूर्व केन्द्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य ने केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की नीतियों पर सवाल उठाते हुए महंगाई, स्मार्ट मीटर, पेट्रोल-डीजल, एलपीजी और स्वास्थ्य सेवाओं जैसे मुद्दों पर सरकार को घेरा। जिला प्रभारी मुकुट सिंह ने कहा कि जनता वर्तमान नीतियों से परेशान है और बदलाव चाहती है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता शशिभूषण सिंह बुंदेला ने छात्रों से जुड़े मुद्दों और पेपर लीक जैसे मामलों को उठाया। जिलाध्यक्ष डा.दयाराम रजक ने कहा कि आगामी विधानसभा एवं पंचायत चुनाव को देखते हुए संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत किया जा रहा है और सभी पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में पार्टी को मजबूत करने का कार्य करें। मनरेगा बचाओ संघर्ष समिति के जिला प्रभारी जसपाल सिंह बंटी ने कहा कि कार्यकर्ता और पदाधिकारी गांव-गांव जाकर कांग्रेस की विचारधारा और नीतियों से लोगों को अवगत करायें, जिससे कि लोगों को उनके अधिकार समझ आयें और वह अपने अधिकारों का सही उपयोग कर सकें। समारोह में राकेश रजक, रामनरेश दुबे, पंकज हुण्डैत, शशिकांत दीक्षित, आशाराम तिवारी, राजपाल सिंह ठाकुर, विनोद अवस्थी, नाती राजा जाखलौन, पूजा सेन, रामदेवी विश्वकर्मा, अमित सिंह बुंदेला, राकेश सेन, राकेश रजक, साहब सिंह, बृजेश शांडिल, राजा रविंद्र सिंह, दीपक रैकवार, सुशील रजक, दीपक जैन, संजय जैन, राम भरोसे, संतोष राय, मुन्नालाल, मोहम्मद इमरान, मोहम्मद आसिफ, राजीव शर्मा, गोकुल प्रसाद नामदेव, लक्ष्मी चंदेल, हीरालाल सेन, जाहरसिंह बघेल, कपूर सहरिया, रामदास, श्याम सुंदर सिरोठिया, परमानंद पाठक, पुष्पेंद्र सिंह सहित जिले भर से आए सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। संचालन मोहन सिंह चंदेल ने किया। समारोह के दौरान नव नियुक्त पदाधिकारियों में संगठन को मजबूत करने और आगामी चुनावों में सक्रिय भूमिका निभाने का उत्साह देखने को मिला।

# रात में गलत इरादे से पड़ोसी युवक घर मे जबरन घुस आया जब तक पुलिस आई और शोर हुआ, मारपीट कर भाग निकला धमकी देता हुआ

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन - उरई।** रात के अंधेरे में पड़ोसी युवक घर में घुस आया। घर में घुसे युवक को घर के सदस्य ने पकड़ लिया। पकड़े जाने पर आरोपी युवक गाली-गलौज कर मारपीट व जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम ग्राम छानी खास निवासी रजनी देवी ने पुलिस को बताया कि वह रात में अपने घर में थे। रात में ही उनके घर के पड़ोस में रहने वाला युवक छोटे कुमार घर में घुस आया। घर में घुसे युवक को उनके छोटे भाई बृह्मपाल ने पकड़ लिया। पीड़िता ने बताया कि उसी समय उन्होंने 1090 पर फोन किया थोडी देर में ही पुलिस मौके पर आ गई। पुलिस को देखते ही युवक गाली-गलौज कर मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देकर वहां से भाग गया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की।

# शराब के नशे में तीसरी मन्जिल से गिर कर अधेड़ की हुई मौत

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी-उरई।** स्थानीय नगर के मोहल्ला आलमपुर स्थित कांशीराम आवासीय कालौनी में रहने वाले अधेड़ व्यक्ति कथित तौर पर शराब के नशे कालौनी की तीसरी मन्जिल से गिर गया। फलस्वरूप इलाज के दौरान मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार बताया गया है कि नगर के आलमपुर स्थित कांशीराम कॉलोनी के एक आवास में मूलरूप से उरई निवासी 45 वर्षीय चंदा पुत्र राशिद अपनी पत्नी बिल्लो तथा सात एवं तीन वर्षीय दो बच्चों के साथ उपरोक्त कॉलोनी में अवैध रूप से काफी समय से निवास कर रहा था। कॉलोनी के पड़ोसियों के अनुसार दिहाड़ी मजदूरी के माध्यम से परिवार की गुजर बसर करने वाला चन्दा नामक व्यक्ति शराब पीने का आदी था। पति के नशे की लत से परेशान उसकी पत्नी बिल्लो कपड़ों की सिलाई कर बच्चों की परवरिश कर रही थी वो शनिवार की सायं लगभग 4 बजे के दौरान पत्नी नीचे की कालौनी में बैठी थी। उसी दौरान शराब के नशे में चंदा तीसरी मंजिल से नीचे सड़क में जा गिरा। घटना की जानकारी होते ही अफरातफरी मच गई। घायल चंदा को आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया। हालत खराब देख उसे जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया। जबकि जिला अस्पताल से उसे झांसी मेडिकल कॉलेज से रिफर कर भेजा गया था। झांसी ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई है।

# नए एसडीएम तेज तर्रार रिंकू सिंह के नेतृत्व में 2 दिन में 255 दुकानों का हटाया गया अतिक्रमण

## बाज़ार में अतिक्रमणकारियों के बीच हड़कंप की स्थिति

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन - उरई।** नगर में लगातार लग रहे जाम और सड़कों पर बढ़ते अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट रिंकू सिंह राही के नेतृत्व में चलाए जा रहे अतिक्रमण विरोधी अभियान के तहत नगर पालिका परिषद ने दो दिनों में 255 दुकानदारों पर कार्रवाई करते हुए 72340 रुपये का जुर्माना वसूला। प्रशासन की इस कार्रवाई के बाद दुकानदार स्वयं ही अपना अतिक्रमण हटा रहे है। वहीं आम लोगों को लंबे समय बाद जाम से राहत मिलती नजर आई। नगर के बिजलीघर के आसपास, फुटकर सब्जी मंडी, झंडा चौराहा, बस स्टैंड और प्रमुख बाजार में स्थायी दुकानदारों के साथ-साथ ठेला व ठिलिया संचालकों द्वारा फुटपाथ और सड़क किनारे अतिक्रमण कर लिया गया था। दुकानों का सामान सड़क तक फैल जाने और रेहड़ी पटरी वाले दुकानदारों के बीच सड़क पर निकलने के लिए कम ही जगह बचती थी। जिससे लगातार जाम की स्थिति बनी रहती थी और राहगीरों, वाहन चालकों परेशानी उठानी पड़ रही थी। हालत यह थी कि शाम के समय झंडा चौराहा और सब्जी मंडी क्षेत्र में अक्सर लंबा जाम लग जाता था और लोगों को निकलने में देर तक इंतजार करना पड़ता था। लगातार मिल रही शिकायतों और जनता की परेशानी को देखते हुए ज्वाइंट मजिस्ट्रेट रिंकू सिंह राही ने पहले व्यापारियों और ठेला, ठिलिया संचालकों के पास जाकर उन्हें स्वयं ही अतिक्रमण हटाने की अपील की। प्रशासन की सख्ती के बाद कई दुकानदारों ने खुद ही फुटपाथों से सामान हटा लिया, लेकिन जो लोग नहीं माने उनके खिलाफ नगर पालिका की टीम ने अभियान चलाकर कार्रवाई की। इस दौरान सड़क और फुटपाथ पर रखा सामान हटवाया गया और संबंधित दुकानदारों से अर्थदंड भी वसूला गया। ईओ सुशील कुमार के नेतृत्व में नगर पालिका टीम के जेई प्रवीण कुमार, आरआई अनूप कुमार, सफाई नायक रामकुमार, संतोष आदि ने अभियान के दौरान कुल 255 अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कार्रवाई की। प्रशासन की कार्रवाई का असर बाजारों में साफ दिखाई दिया और कई दुकानदारों ने चालान के डर से सड़क पर रखा सामान अंदर कर लिया। इससे बाजार में यातायात व्यवस्था सुधारी नजर आई। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट रिंकू सिंह राही ने कहा कि नगर की यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए अतिक्रमण किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि अतिक्रमण हटाने के बाद यदि दोबारा सड़क या फुटपाथ पर कब्जा किया गया तो संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लोगों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि बाजारों को व्यवस्थित रखना सभी की जिम्मेदारी है। इसलिए सभी अपना सहयोग दें।

# पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव का भव्य समापन निकली विशाल रथयात्रा

**झाँसी।** राजकीय अतिथि दिगम्बराचार्य, पट्टाचार्य विशुद्धसागर महामुनिराज के सान्निध्य में महानगर के मेडिकल कॉलेज गेट नं 3 से आगे स्थित भगवान महावीर महातीर्थ में चल रहे श्रीमज्जिनेंद्र जिनबिम्ब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव में आज मोक्ष कल्याणक के साथ अत्यंत भक्तिभाव, उत्साह और हर्षोल्लास के मध्य समापन हो गया। इस पावन अवसर पर प्रभु के निर्वाण प्राप्ति की क्रियाएं संपन्न की गई और नगर में एक विशाल रथयात्रा (फेरी परिक्रमा) निकाली गई, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहें।



इस अवसर पर तीर्थंकर के माता - पिता श्रीमती प्रभा - पदमचंद जैन मिठया, सौधर्म इन्द्र अंजली - डॉ राजीव जैन, धनपति कुबेर इन्द्र शिल्पी - राजीव जैन वर्धमान, मूर्ति पुण्यार्जक बीना - देवेन्द्र जैन काला, ध्वजारोहणकर्ता सरोज - शैलेन्द्र जैन, राजेन्द्र जैन, रितु - विकास जैन, केतन जैन, महायज्ञनायक रिद्धि - यश सिंघई, यज्ञनायक शर्मिला - पदमचंद जैन , विधिनायक प्रतिमा पुण्यार्जक मेघा - प्रदीप जैन, अभिजीत जैन रतनसेल्स, राजा श्रेयांश जूली - जिनेन्द्र जैन, राजा सोम रुचि - डॉ निर्देश जैन, मण्डप उद्घाटनकर्ता अलका - डॉ पी.के. जैन, महामंडलेश्वर रश्मि - गौतम जैन, संध्या - इंजी. अरुण जैन दूरदर्शन, हेमा - डॉ अमित जैन, रश्मि - अनुराग जैन उपस्थित रहें। दीप प्रज्ज्वलन करके अतिथियों का स्वागत सत्कार अध्यक्ष शैलेन्द्र जैन , कार्याध्यक्ष कैलाशचंद जैन वर्धमान, मुख्य संयोजक सिंघई संजय जैन, वरुण जैन,कुंजबिहारी, संयोजक प्रदीप जैन ने किया।कार्यक्रम का संचालन महामंत्री सौरभ जैन सर्वज्ञ एवं आभार उपाध्यक्ष अंकित सर्राफ ने व्यक्त किया।

# अंशकालिक अनुदेशकों के सम्मान एवं बढ़े हुए मानदेय का वितरण समारोह

## कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया

( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** आज विकास भवन सभागार में मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित अंशकालिक अनुदेशकों के सम्मान एवं बढ़े हुए मानदेय वितरण समारोह कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया। कार्यक्रम में जनपद के जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

इस अवसर पर माधौगढ़ विधायक मूल चन्द्र निरंजन, कैबिनेट मंत्री के प्रतिनिधि अरविंद सिंह चौहान, एमएलसी बाबूलाल तिवारी के प्रतिनिधि मयंक त्रिपाठी, विधायक सदर प्रतिनिधि रविंद्र सिंह, जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय, मुख्य विकास अधिकारी के0के0 सिंह, मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक संतोष कुमार देव पाण्डेय, डीसी मनरेगा रामेंद्र कुशवाहा तथा बेसिक शिक्षा अधिकारी चन्द्र प्रकाश सहित बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में अनुदेशक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान अंशकालिक अनुदेशकों को बढ़े हुए 17,000 मानदेय के प्रतीकात्मक चेक वितरित किए गए। उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने प्रदेश सरकार द्वारा अनुदेशकों के हित में लिए गए इस महत्वपूर्ण निर्णय की सराहना करते हुए कहा कि इससे शिक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूती मिलेगी तथा अनुदेशकों का मनोबल बढ़ेगा। विधायक मूल चन्द्र निरंजन ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। अनुदेशकों के मानदेय में वृद्धि सरकार की संवेदनशीलता एवं शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि अनुदेशक बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं और सरकार उनके हितों के संरक्षण के लिए निरंतर प्रयासरत है। जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय ने कहा कि अनुदेशक शिक्षा व्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। शासन द्वारा मानदेय वृद्धि का निर्णय उनके कार्यों के प्रति सम्मान को दर्शाता है। उन्होंने सभी अनुदेशकों से पूर्ण









निष्ठा एवं समर्पण के साथ विद्यार्थियों के शैक्षिक विकास में योगदान देने का आह्वान किया। कार्यक्रम का समापन सभी उपस्थित अतिथियों एवं अनुदेशकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए किया गया।

# सैयदना अब्दुर्रहमान के सालाना उर्स में तीन जोड़ों का सामूहिक विवाह हुआ

### -मौलानाओं ने शादियों में फिजूलखर्ची रोकने पर जोर दिया

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी-उरई।** स्थानीय नगर के मोहल्ला राजेपुरा में हज़रत सैयदना अब्दुर्रहमान रहमतुल्लाह (खरबूजे वाले गुम्बद) का दो दिवसीय सालाना उर्स शानो-शौकत से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर परिसर में तीन गरीब बच्चियों की सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित किया गया।

रजा कमेटी के तत्वावधान में बीती रात को गुम्बद के परिसर में दो दिवसीय के अवसर पर आयोजित जलसे के मुख्य अतिथि के तौर पर पधारे दरगाह फफूंद शरीफ के सज्जादा मौलाना सैयद समझ मियां ने कहा शादियों में फिजूलखर्ची पर पाबंदी लगाने को जरुरत है। उन्होंने कहा कि उर्स के मौके पर बेटियों की शादी कराने का काम अच्छा क़दम है।ऐसे कामों में सभी लोगों को बढ़ चढ़ हिस्सा लेना चाहिए। जलसे में मौजूद तीन जोड़ों का निकाह कराया गया।

मौलाना सैयद अनस ने दीनी तकरीर की। मुफ्ती मौलाना अशफाक अहमद बरकाती ने हज़रत मुहम्मद सल्लाह अलैहवसल्लम के बताये रास्ते पर चलने का आव्हान किया। उन्होंने पीराने पीर दस्तगीर, ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती रहमतुल्लाह गरीब नवाज, महबूबे इलाही हज़रत निज़ामुद्दीन औलिया चिश्ती रहमतुल्लाह देहलवी समेत तमाम सूफी संतों आदि का जिक्र किया। जलसे में में हज़रत अहमद रजा हमीरपुर आदि शायरों द्वारा अपने अपने कलाम प्रस्तुत किये। जलसे में कारी शकील रहमानी, कारी अब्दुल सलीम, हाफिज दाबर राजा प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

इससे पहले राजा कमेटी के आयोजन तथा अपकिरण बांधों के द्वारा दरगाह में फूल चादर पेश किए गए रविवार को पल की रश्मि के बाद शादी कोर्स का समापन हुआ कार्यक्रम में लंगर का वितरण किया गया। राजा खान, अरबाज बरकाती, सुलेमान सुनार, आसिफ़ कुरैशी एडवोकेट, डिस्ट्रिक्ट प्रेस क्लब कालपी तहसील अध्यक्ष सलीम अंसारी,रहमान मिस्त्री समेत भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।






# पड़ोसियो से परेशान महिला ने सीओ से की शिकायत

### -पड़ोसियों पर उत्पीड़न, मारपीट की साजिश और जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है।

( यंग भारत न्यूज )




**कोंच** सर्किल के एट थाना क्षेत्र के ग्राम पिण्डारी निवासी प्रभा देवी पत्नी स्वर्गीय हरीशरण पचौरी ने पड़ोसियों पर उत्पीड़न, मारपीट की साजिश और जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है। इस संबंध में उन्होंने रविवार दोपहर क्षेत्राधिकारी परमेश्वर प्रसाद को शिकायती पत्र सौंपकर सख्त कार्रवाई की मांग की।प्रभा देवी ने अपने शिकायती पत्र में बताया कि गांव के कुछ पड़ोसी पिछले करीब एक वर्ष से उनके परिवार को लगातार मानसिक रूप से परेशान कर रहे हैं। उनका कहना है कि आरोपी आए दिन गाली-गलौज करते हैं और जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल कर परिवार को अपमानित करते हैं। विरोध करने पर झूठे मुकदमों में फंसाने और जान से मारने की धमकी दी जाती है।पीड़िता ने बताया कि 14 मई 2026 को उनका पुत्र हृदेश कुमार पचौरी विद्यालय से घर लौटा था। इसी दौरान आरोपी पक्ष ने उससे विवाद शुरू कर दिया।शोर-शराबा होने पर आसपास के लोगों और परिवार के सदस्यों ने किसी तरह मामला शांत कराया।पीड़िता ने बताया उसी शाम आरोपी पक्ष ने दोबारा घर में घुसकर मारपीट करने और महिलाओं के साथ अभद्रता करने की योजना बनाई। प्रभा देवी का कहना है कि आरोपियों द्वारा बाल पकड़कर घसीटने और हमला करने की कोशिश की गई, जिससे परिवार में भय का माहौल बना हुआ है।प्रभा देवी ने यह भी दावा किया कि घटना से जुड़े सीसीटीवी फुटेज और अन्य रिकॉर्डिंग उनके पास सुरक्षित हैं, जिन्हें उन्होंने जांच में प्रस्तुत करने की बात कही है। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्व में भी उन्हें 86 लाख रुपये की चोरी के मामले में झूठा फंसाने का प्रयास किया गया था। साथ ही एट पुलिस पर भी निष्पक्ष कार्रवाई न करने और उल्टा उनके पुत्रों को धमकाने का आरोप लगाया है।वहीं, सीओ परमेश्वर प्रसाद ने शिकायती पत्र के आधार पर मामले की जांच कर उचित कार्रवाई का महिला को आश्वासन दिया है।

# श्री बाबा दयाल दास इंटर कॉलेज एको के मेधावियों ने लहराया परचम

### हाईस्कूल में दृष्टि कुशवाहा ने 92% अंक पाकर किया टॉप, विद्यालय में खुशी का माहौल

( यंग भारत न्यूज )



**कुठौंद।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा घोषित हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम 2026 में श्री बाबा दयाल दास इंटर कॉलेज एको के छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय, परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। परीक्षा परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल बन गया और मेधावी विद्यार्थियों को बधाई देने वालों का तांता लग गया।

हाईस्कूल परीक्षा में छात्रा दृष्टि कुशवाहा ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं शिवानी ने 87 प्रतिशत, प्रिया ने 86 प्रतिशत, प्रिंसी एवं उपासना ने 85 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। अनुष्का आराधना अंजलि आराधना अंजलि शिल्पी और आराधना ने 84 प्रतिशत, अंजली ने 83 प्रतिशत तथा शिल्पी ने 82 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। इंटरमीडिएट परीक्षा में ऊषा ने 75 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। आकांक्षा ने 74 प्रतिशत, बुद्धागी गौतम ने 73 प्रतिशत तथा आकाश ने 72 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के प्रबंधक मानसिंह कुशवाहा एवं प्रधानाचार्य श्री दीपक सिंह कुशवाहा ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बच्चों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग से यह शानदार परिणाम संभव हो पाया है। उन्होंने कहा कि विद्यालय भविष्य में भी शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करता रहेगा। विद्यालय परिवार ने सभी मेधावी छात्र-छात्राओं के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए मिठाई खिलाकर उनका उत्साहवर्धन किया। क्षेत्रवासियों ने भी विद्यार्थियों की सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए इसे विद्यालय की बड़ी उपलब्धि बताया।

# सपाइयों ने प्रतीक यादव के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की

( यंग भारत न्यूज )



**उरई - कोटरा।** कस्बा कोटरा स्थित सरस्वती ज्ञान मंदिर स्कूल में आज समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के भाई प्रतीक यादव के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की गई। इस दौरान सभी कार्यकर्ताओं ने नम आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दुख की इस घड़ी में संवेदना प्रकट की। समाजवादी पार्टी नगर अध्यक्ष राजेश यादव राजू पूर्व सभासद यद्यरून खान जावेद बक्स पहलाद यादव सुशील यादव जितेंद्र यादव दीपू यादव घासीराम त्यागी सेवालाल श्रीवास खूबचंद श्रीवास कल्लू पाल कमलेश यागिक बृजेंद्र यादव श्रद्धांजलि अर्पित की

# फावड़े से हमला कर घायल करने के मामले में नामजदों के खिलाफ मुकद्दमा दर्ज

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी-उरई।** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत थाना चुरखी में फावड़े से हमला करके घायल करने के मामले में पीड़ित प्रार्थी के द्वारा थाना चुर्खी में अभियोग दर्ज कराया गया है। अभियोग दर्ज कराते हुए प्रार्थी शाहलेंद्र सिंह पुत्र गजेंद्र सिंह निवासी ग्राम बावई ने बताया कि दिनांक 16.05.2026 को जब प्रार्थी सरिया लेने जालौन गया था घर में प्रार्थी की मां तथा भाभी थी समय करीब 3.30 बजे दिन में तभी मेरा पड़ोसी आरोपी जागेश पुत्र नारायण दास, ऋतिक पुत्र जागेश घर के अंदर आकर कहा कि मेरे घर पर गटर क्यों दिख रहा है। तथा कंकड़ क्यों गिर रहे है। और गाली गलौज करने लगे। तभी मेरा भाई जितेंद्र सिंह आया घर के पास तो गली देने लगा मना किया तभी ऋतिक ने फावड़े से मारा जिससे मेरे भाई के सिर में छोटे आई है। मेरे मां बचाने आई तो जागेश ने मेरी मां को उल्टी कुल्हाड़ी से वार कर दिया। जिससे हाथ की उंगली में चोट आती तथा खून निकल आया मेरी मां का मंगल सूत्र लड़ाई के दौरान गिर गया।

# 5 चिकित्सालयों में आयोजित मुख्यमंत्री जनआरोग्य मेलों में 160 मरीजों का हुआ उपचार

### डाक्टरों ने लू तथा भीषण गर्मी के मौसम से बचाव के लिये सतर्क किया

( यंग भारत न्यूज )



**कालपी-उरई।** स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग की महात्वाकांक्षी योजना के तहत रविवार को कालपी, वावई, नियामतपुर,चुरखी तथा महेवा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेलों का आयोजन किया गया। जिसमें चिकित्सकीय टीमों के द्वारा 160 मरीजों का उपचार करके लूं तथा गर्मी के मौसम में स्वस्थ रहने का परामर्श दिया गया।

रविवार नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उदनपुरा कालपी में चिकित्साधिकारी डॉक्टर अमित पोरवाल की अध्यक्षता में आयोजित मेले में 64 मरीजों का इलाज किया गया। जिसमें 41 पुरुष, 23 महिला मरीज शामिल रहे। इस दौरान शुगर के 5 टेस्ट किए जबकि बुखार तथा स्किन के 6- 6मरीजों की जांच की गयी। राजकीय होम्योपैथी महिला चिकित्साधिकारी डॉ रंजना सिंह ने परिवार कल्याण कार्यक्रमों तथा स्वास्थ्य के बारे में जानकारियां देते हुये बताया कि होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति से उपचार करने के लिये जागरूक किया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र महेवा में चिकित्साधिकारी डॉ शेख शहरयार, कर्मचारियों मनीष कुमार, कमलेश कुमार की मौजूदगी में आयोजित मेले में 25 मरीजों का इलाज किया गया। सरकारी चिकित्सालय वावई में 27 मरीजों का इलाज हुआ। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नियामतपुर में चिकित्साधिकारी डॉ आदर्श गौतम की अगुवाई में आयोजित मेले में कर्मचारियों के द्वारा 28 मरीजों का इलाज किया गया। जबकि चुरखी के चिकित्सालय में 16 मरीजों का इलाज हुआ।मेलो में कंडोम, टेबलेट तथा सामग्रियों का वितरण कर परिवार कल्याण कार्यक्रम के बारे में जागरूक किया गया। चिकित्सा अधीक्षक अधीक्षक डॉक्टर दिनेश गुप्ता ने बताया कि भीषण गर्मी का मौसम शुरू हो गया है। इसलिए सभी लोग दोपहर में सतर्कता बरतें तथा किसी प्रकार की बीमारी होने पर डॉक्टर की सलाह पर उपचार करें।

# कुठौंद मार्ग पर अनियंत्रित बाइक फिसली, दो लोग गंभीर घायल

( यंग भारत न्यूज )



**उरई** । कुठौंद थाना क्षेत्र की शंकरपुर चौकी अंतर्गत रविवार शाम लगभग 4:30 बजे एक सड़क हादसे में बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जा रहा है कि दोनों व्यक्ति शराब के नशे में थे। सूचना मिलते ही शंकरपुर चौकी पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम रायपुर, थाना सिरसा कलार निवासी रामबाबू (65 वर्ष) पुत्र शोभाराम तथा सिकंदरा, जनपद कानपुर देहात निवासी शिवशंकर (50 वर्ष) पुत्र अमर सिंह एक ही बाइक से औरैया से कुठौंद की ओर आ रहे थे। जैसे ही वे शंकरपुर चौकी से करीब 200 मीटर आगे कुठौंद मार्ग पर पहुंचे, उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गिर गई। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद राहगीरों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही चौकी पर तैनात हेड कांस्टेबल हरिओम अपने सहयोगी कांस्टेबल शिवकुमार, प्रद्युम्न और पंकज सिंह के साथ मौके पर पहुंचे और राहत कार्य शुरू किया। पुलिस टीम ने तत्काल एम्बुलेंस बुलवाकर घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। स्थानीय लोगों ने पुलिस की त्वरित कार्रवाई की सराहना की। वहीं चिकित्सकों द्वारा दोनों घायलों का उपचार किया जा रहा है।

# जहरीला पदार्थ खाने से अधेड़ की मौत, परिवार में मचा कोहराम

( यंग भारत न्यूज )



**उरई** । डकोर कोतवाली क्षेत्र में एक अधेड़ व्यक्ति द्वारा जहरीला पदार्थ खा लेने से उसकी मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में चीख-पुकार मच गई। परिजन गंभीर हालत में उसे उपचार के लिए राजकीय मेडिकल कॉलेज उरई लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार डकोर कोतवाली क्षेत्र के जैसारी कला गांव निवासी भानुप्रताप (50) ने पारिवारिक कलह के चलते घर में रखा सल्फास खा लिया। जहरीला पदार्थ खाने के कुछ समय बाद ही उनकी हालत बिगड़ने लगी। परिजनों ने आनन-फानन में उन्हें उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज उरई पहुंचाया, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। डॉक्टरों ने प्राथमिक जांच के बाद अधेड़ को मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही डकोर पुलिस मेडिकल कॉलेज पहुंच गई और आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार मामले की गहन जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद गांव और आसपास के क्षेत्र में शोक का माहौल है तथा लोग विभिन्न तरह की चर्चाएं कर रहे

# सफाई कर्मचारियों ने अभद्रता तथा मारपीट का दुकानदार पर लगाया आरोप, मुकदमा दर्ज

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी-उरई।** स्थानीय नगर में स्थित मोहल्ला दमदमा के जुलहैटी मार्केट में सफाई कर रहे कर्मचारियों ने दुकानदार पर जाति सूचक गलियां देकर हमला करने का आरोप लगाते कोतवाली कालपी में अभियोग दर्ज कराया गया है।

उक्त मामले को लेकर वादी अजय कुमार पुत्र अशोक कुमार निवासी तारीबुल्दा कालपी नगर पालिका में सफाई नायक के पद पर तैनात है। वादी ने आरोप लगाते हुए बताया कि दिनांक 16.05.2026 समय करीब 8 बजे सुबह मोहल्ला दमदमा जुलहटी में सफाई कर्मियों से नाले की सफाई करवा रहा था। तभी आरोपी अरशद आया और बिना किसी बात के मां बहिन की गंदी गंदी गालियां देते हुए मरने पीटने लगा तथा जाति सूचक गालियां देते हुए धमकी देने लगा। आरोप है कि आरोपी ने सफाई कर्मचारियों को मारा पीटा व जाति सूचक गालियां दी। आरोपी युवक ने कहा कि अगर इस मोहल्ले की सफाई दोबारा करने आए तो और भी ज्यादा मारेंगे की धमकी देते हुए भगा दिया। पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर बिबेचना शुरू कर दी है।

# महिला के बाल काटे, चप्पल की माला पहनाकर सरेआम निकाली परेड, वायरल कर दिया शर्मनाक वीडियो

( यंग भारत न्यूज )

**महाराष्ट्र।** देश के दो अलग-अलग राज्यों से महिलाओं के खिलाफ हिंसा और दुर्व्यवहार की दो अत्यंत दुखद घटनाएं सामने आई हैं। पहली घटना महाराष्ट्र के उल्हासनगर की है, जहां मंदिर में प्रवेश को लेकर हुए विवाद के बाद एक महिला को गंभीर रूप से अपमानित किया गया। वहीं दूसरी घटना उत्तर प्रदेश के बरेली जिले की है, जहां शादी से इनकार करने पर एक सिरफिरे युवक ने सोते हुए परिवार पर ज्वलनशील पदार्थ फेंक दिया। दोनों ही मामलों में स्थानीय पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की धरपकड़ शुरू कर दी है और कुछ गिरफ्तारियां भी की जा चुकी हैं।




महाराष्ट्र के उल्हासनगर के विट्ठलवाड़ी इलाके में मंदिर में प्रवेश करने की बात को लेकर दो परिवारों के बीच पुराना विवाद था। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, दोनों परिवार एक ही समुदाय से ताल्लुक रखते हैं। शुक्रवार को इसी बात पर विवाद इतना बढ़ गया कि कुछ लोगों ने कानून को हाथ में लेते हुए एक महिला के साथ बेहद खराब व्यवहार किया। आरोपियों ने न केवल महिला के साथ मारपीट की, बल्कि उसके बाल काट दिए और उसे चप्पलों की माला पहनाकर इलाके में घुमाया। इस घटना का वीडियो सामने आने के बाद पुलिस तुरंत हरकत में आई। उल्हासनगर के सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) शैलेश काले ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि इस संबंध में कुल सात लोगों के खिलाफ नामजद मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अब तक दो मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि बाकी पांच फरार आरोपियों की तलाश के लिए टीमें लगातार छापेमारी कर रही हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ विभिन्न गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया है और पीड़ित महिला को सुरक्षा प्रदान की गई है। दूसरी घटना उत्तर प्रदेश के बरेली जिले के शेरगढ़ इलाके की है, जहां शनिवार तड़के एकतरफा प्यार में नाकाम युवक ने खौफनाक कदम उठाया। पुलिस के अनुसार, पीड़ित महिला लक्ष्मी देवी, उनके पति और उनके दो बच्चे भीषण गर्मी के कारण अपने घर के बरामदे में मच्छरदानी लगाकर सो रहे थे। इसी दौरान आरोपी उमेश कश्यप छत के रास्ते घर के अंदर दाखिल हुआ और मच्छरदानी के ऊपर से सो रहे परिवार पर तेजाब जैसा ज्वलनशील पदार्थ फेंक दिया। इस हमले में परिवार के चारों सदस्य झुलस गए। मीरगंज के पुलिस क्षेत्राधिकारी ने बताया कि सुबह करीब छह बजे पुलिस को इस घटना की सूचना मिली थी। जांच में सामने आया कि आरोपी उमेश कश्यप पहले से शादीशुदा है, लेकिन वह लक्ष्मी देवी से जबरन शादी करना चाहता था। जब महिला और उसके परिवार ने इस शादी से साफ इनकार कर दिया, तो उसने बदला लेने की नीयत से इस वारदात को अंजाम दिया। घटना के बाद सभी घायलों को तुरंत शेरगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से एक की गंभीर हालत को देखते हुए उसे बरेली जिला अस्पताल रेफर किया गया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी के लिए कई टीमें गठित की हैं।

# छह साल की बच्ची देख जागा शैतान, आम देने का झांसा देकर किया रेप; 4 घंटे में पुलिस ने किया ये हाल

( यंग भारत न्यूज )

**इटावा।** प्रदेश के इटावा में एक छह साल की बच्ची के साथ हैवानियत की खबर सामने आई है. सूचना मिलते ही हरकत में आई पुलिस ने आरोपी की घेराबंदी कर एनकाउंटर किया है. मामला इटावा के बढ़पुरा थाना क्षेत्र में शानिवार की शाम का है.





पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रेप एवं पॉक्सो एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को अरेस्ट कर लिया है. पुलिस मामले की जांच कर रही है. इटावा पुलिस के मुताबिक शनिवार की शाम यह बच्ची ईंट भट्टे के पास स्थित आम के बागीचे में आम तोड़ने गई थी. आरोपी ने उसे देखा तो उसकी हवस जाग गई. उसने बच्ची को आम देने का झांसा दिया और झाड़ियों में ले जाकर रेप किया. आरोपी के चंगुल से छूटी बच्ची ने घटना की जानकारी परिजनों को दी. इसके बाद पुलिस ने पुलिस में शिकायत दी. इस शिकायत के बाद पुलिस ने महज 4 घंटे के अंदर ही आरोपी को एनकाउंटर के दौरान दबोच लिया है. बढ़पुरा थाना पुलिस के मुताबिक पीड़ित बच्ची की मां ने तहरीर दी है. पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने वारदात को स्वीकार किया है. आरोपी ने बताया कि उसने घटना से संबंधित साक्ष्य छिपा दिए हैं. ऐसे में पुलिस आरोपी को साथ लेकर साक्ष्य बरामद करने पहुंची, लेकिन इस दौरान आरोपी ने दरोगा कुलदीप सिंह की पिस्टल छीनकर भागने की कोशिश की. ऐसे में पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए उसके पैर में गोली मारकर उसे दबोच लिया है. सीओ आयुषी सिंह के मुताबिक आरोपी की पहचान नितिन पुत्र प्रहलाद निवासी ग्राम नगला अजीत के रूप में हुई है. उन्होंने बताया कि आरोपी की निशानदेही पर उसके कब्जे से सरकारी पिस्टल, दो खोखा कारतूस बरामद किया गया है. पुलिस ने आरोपी को फिलहाल इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है. उसके स्वस्थ होने पर अदालत में पेश कर आगे की कार्रवाई की जाएगी.

# बहू को छूने की चाह में बेकाबू हुआ ससुर!

## जब पता चली बेटे को खिनौने रिश्ते की हकीकत; अपने ही खून की ले ली जान

( यंग भारत न्यूज )

आज की दौर में एक्स्ट्रा मेरिटल अफेयर काफी आम हो गए हैं. लेकिन कुछ मामले ऐसे होते हैं जो सोचने पर मजबूर कर देते हैं, कहीं देवर भाभी को दिल दे बैठता है तो कहीं जीजा साली को.

लेकिन आज हम आपको जो मामला बताने जा रहे हैं उसमे किसी देवर भाभी का चक्कर नहीं है.बल्कि इस मामले में एक ससुर ने अपनी बहू को दिल दे दिया. जी हाँ! उसकी बहू इतनी खूबसूरत थी कि उसने अपने बेटे को ही रास्ते से हटा दिया. दरअसल ये मामला यूपी के आगरा का बताया जा रहा है. यहाँ, एक अधेड़ उम्र के शख्स को उसी लड़की से प्यार हो गया, जिसे उसने अपने बेटे के लिए दुल्हन के तौर पर चुना था. जी हाँ! ससुर को अपनी ही बहू से प्यार हो गया. यह नाजायज़ रिश्ता इस हद तक बढ़ गया कि आखिरकार उसने अपने ही बेटे की जान ले ली. चलिए इस मामले को जान लेते हैं. बता दें कि इस साल 14 मार्च को होली के दिन आगरा के लरमदा गाँव में 26 साल के पुष्पेंद्र चौहान की उसके घर के अंदर ही हत्या कर दी गई. जैसे-जैसे जाँच आगे बढ़ी, हत्या से जुड़े कई विरोधाभासी पहलू और थ्योरी सामने आती रहीं. लेकिन, जब पोस्टमार्टम रिपोर्ट आई, तो हर कोई सन्न रह गया. रिपोर्ट से इस बात की पुष्टि हुई कि मौत चाकू के घाव के कारण हुई थी. इसके अलावा, जाँच में यह भी खुलासा हुआ कि हत्यारा कोई और नहीं, बल्कि पीड़ित का अपना पिता ही था. आरोपी पिता को अब जेल भेज दिया गया है. पुलिस ने इस बात की जानकारी दी है कि होली के दिन, पुष्पेंद्र और उसके पिता चरण सिंह के बीच किसी बात को लेकर कहा-सुनी हो गई. विवाद इतना बढ़ गया कि गुस्से में आकर पिता ने लोहे की रॉड से वार करके अपने बेटे की हत्या कर दी. जाँच को गुमराह करने के लिए, उसने बेटे के सीने पर बने घाव के अंदर एक कारतूस भी रख दिया था. इस बीच, पुलिस चार महीने तक अपनी जाँच जारी रखे रही. पिता लगातार विरोधाभासी बयान देता रहा कभी कुछ कहता, तो कभी कुछ और. हालाँकि, अब पूरी सच्चाई सामने आ चुकी है. ससुर को अपनी ही बहू से प्यार हो गया था. जब बेटे को इस बात का पता चला, तो उसने अपने पिता का सामना किया, जिसके बाद दोनों के बीच तीखी बहस हुई. इसी गुस्से में आकर पिता ने अपने बेटे की हत्या कर दी.




# सीएम योगी का मास्टरस्ट्रोक, आईआईटी की तकनीक से गोबर से बनेगी 15 गुना ताकतवर 'सुपर खाद'

( यंग भारत न्यूज )

**कानपुर।** गौ संरक्षण को ग्रामीण अर्थव्यवस्था, वैज्ञानिक खेती और रोजगार से जोड़ने की दिशा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश एक और बड़ा प्रयोग करने जा रहा है. पहली बार देश में खेती किसानी में गोबर, गोमूत्र और माइक्रोबियल रिसर्च आधारित जेनेटिक इंजीनियरिंग तकनीक का प्रयोग किया जाएगा. आईआईटी कानपुर के शोधार्थियों की खोज ने खेती में गो आधारित जीन क्रांति की नई जमीन तैयार कर दी है.



इस तकनीक के जरिए तैयार होने वाली ऑर्गेनिक खाद पारंपरिक जैविक खाद की तुलना में 15 गुना अधिक प्रभावशाली होगी. इतना ही नहीं, इसकी न्यूट्रिशन क्षमता लगभग 5 गुना अधिक होगी, जबकि इसे तैयार करने में लगने वाला समय भी 10 गुना तक कम हो जाएगा. योगी सरकार इसे खेती, गो संरक्षण और ग्रामीण रोजगार के नए मॉडल के रूप में देख रही है. यह तकनीक आईआईटी कानपुर के पीएचडी शोधार्थी अक्षय श्रीवास्तव ने विकसित की है. उन्होंने जेनेटिक इंजीनियरिंग, एंजाइम एक्सट्रैक्शन, माइक्रोबियल आइसोलेशन और बायोपॉलिमर डेवलपमेंट को गोबर एवं गो मूत्र आधारित प्राकृतिक संसाधनों के साथ जोड़कर हाई क्वालिटी ऑर्गेनिक और नेचुरल फर्टिलाइजर तैयार किया है. शोधकर्ताओं ने फसल-विशिष्ट माइक्रोबियल कॉन्सन्ट्रेट तैयार किया है, जिसके जरिए केवल 1 किलोग्राम माइक्रोबियल कॉन्सन्ट्रेट से करीब 2000 किलोग्राम जैविक उर्वरक विकसित किया जा सकता है. यह तकनीक खेती की लागत घटाने के साथ मिट्टी की उर्वरता भी बढ़ाएगी. शुरुआत में 50 किलोग्राम वाले ऑर्गेनिक फर्टिलाइजर बैग तैयार करने की योजना है. खेतों में इसकी जरूरत लगभग 350 से 400 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर तक बताई गई है, जो पारंपरिक जैविक खाद की तुलना में बेहद कम है. इससे किसानों की परिवहन, श्रम और उपयोग लागत में बड़ी कमी आएगी. तकनीक से तैयार इस उर्वरक की लागत भी कम आएगी. सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इस उत्पाद को इंडियन काउन्सिल ऑफ एग्रीकल्चरल रिसर्च द्वारा 40 से अधिक गुणवत्ता एवं पोषण मानकों पर परीक्षण और प्रमाणित भी किया जा चुका है. यह उर्वरक मुख्य रूप से गोबर, गोमूत्र, कृषि अपशिष्ट और प्राकृतिक जैविक स्त्रोतों से तैयार किया जा रहा है. माइक्रोबियल प्रोसेसिंग और एंजाइम एक्सट्रैक्शन तकनीक की मदद से इसमें पोषक तत्वों की क्षमता कई गुना बढ़ाई गई है. अब गोबर आधारित बायोगैस उत्पादन के लिए भी विशेष माइक्रोबियल तकनीकों पर काम किया जा रहा है. बायोगैस निर्माण के बाद बचने वाली स्लरी और वेस्ट बायोमास से केवल 3 से 4 दिनों के भीतर हाई क्वालिटी कस्टमाइज्ड ऑर्गेनिक फर्टिलाइजर तैयार किए जा रहे हैं. योगी सरकार इस तकनीक को आत्म निर्भर गोशाला के रूप में विकसित करने की तैयारी में है. इसके तहत गोशालाएं केवल पशु संरक्षण केंद्र नहीं रहेंगी, बल्कि जैविक खाद उत्पादन, बायोगैस निर्माण और अतिरिक्त आय का केंद्र बनेंगी. प्रदेश में महिला स्वयं सहायता समूहों, किसान उत्पादक संगठनों और स्थानीय किसानों के सहयोग से इस मॉडल को लागू किया जा रहा है. विभिन्न जिलों में गोबर संग्रहण एवं माइक्रोबियल प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित की जा रही हैं, जहां गोबर, गोमूत्र और कृषि अपशिष्ट को वैज्ञानिक प्रक्रिया के जरिए उच्च गुणवत्ता वाले उर्वरक में बदला जाएगा. इस परियोजना में महिला स्वयं सहायता समूहों को प्रशिक्षण, उत्पादन और वितरण से जोड़ा जा रहा है. इससे ग्रामीण महिलाओं के लिए नए रोजगार और उद्यमिता के अवसर तैयार होंगे. इससे गांवों में आत्मनिर्भरता आधारित आर्थिक मॉडल मजबूत होगा. यह पहल रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम करने, मिट्टी की उर्वरता सुधारने, कृषि अपशिष्ट प्रबंधन और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने में मील का पत्थर साबित हो सकती है. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पहले से ही गो संरक्षण को ग्रामीण अर्थव्यवस्था और रोजगार से जोड़ने की दिशा में विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही हैं. अब आईआईटी कानपुर की इस वैज्ञानिक खोज के जरिए प्रदेश में गो आधारित खेती, जैविक उर्वरक और ग्रामीण रोजगार का एक नया मॉडल तैयार होने जा रहा है. उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता का कहना है कि यदि यह मॉडल बड़े स्तर पर सफल हुआ तो उत्तर प्रदेश देश में गो आधारित वैज्ञानिक खेती और ऑर्गेनिक फर्टिलाइजर टेक्नोलॉजी का सबसे बड़ा केंद्र बन सकता है.

# शादी के ससुराल पहुंची दुल्हन, फिर सुहागरात मनाने से ठीक पहले बुला ली पुलिस, जमकर हुआ ड्रामा

( यंग भारत न्यूज )

**रायबरेली।** प्रदेश के रायबरेली में हुई एक शादी की अब हर तरफ चर्चा है. मामला हरचंदपुर थाना क्षेत्र के प्यारेपुर के कन्हट गांव का है. शादी के बाद दुल्हन को धूमधाम से विदा किया गया लेकिन, कुछ ही घंटों के बीतने के बाद दुल्हन ने सुहागरात से पहले पुलिस को घर पर बुला लिया. इसके बाद दोनों परिवारों को पुलिस ने बुलाकर समझाने की कोशिश की, लेकिन दुल्हन मानने को तैयार नहीं हुई. बताया जा रहा है कि शादी समारोह का कार्यक्रम धूमधाम से हुआ. इसके बाद दुल्हन की विदाई हुई. फिर दुल्हन अपने ससुराल पहुंची, लेकिन कुछ समय ही बीता था कि सुहागरात से पहले उसने यूपी डायल 112 पर फोन करके पुलिस को बुला लिया.




दुल्हन ने साफ तौर से ससुराल में न रहने को लेकर पुलिस को अपनी समस्या बता डाली. इस बात को लेकर दूल्हे का परिवार अचानक समझ ही नहीं पाया कि मामला क्या हुआ ? जहां खुशियां घर में मनाई जा रही थीं, लड़ाई झगड़े का जैसा माहौल बन गया. हरचंदपुर कोतवाल प्रवीण कुमार सिंह ने दुल्हन के परिवार को बुलाया और दोनों में समझौता कराने की कोशिश की, पर बात पूरी तरह से नहीं बनी. इसके बाद दुल्हन को उसके माता-पिता के साथ घर भेज दिया. आगे दोनों परिवारों के बीच क्या बात हुई, इसकी जानकारी सामने नहीं आई है. थाना प्रभारी प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि दूल्हा और दुल्हन के परिवारों को बैठा कर बातचीत कराने की कोशिश की थी. लेकिन, बातचीत से भी दुल्हन नहीं मानी तो उसके मायके पक्ष से बात की गई. वे दुल्हन को अपने घर ले जाने को तैयार हो गए. इसके बाद दुल्हन को उसके घर भेज दिया गया है. फिलहाल दुल्हन को ससुराल में क्या दिक्कत हुई, यह बात सामने नहीं आई है.

# बीवी को दूसरे के साथ देख बौखलाया पति, प्रेमी की पीट-पीटकर की हत्या

( यंग भारत न्यूज )

**सीतापुर।** यूपी के सीतापुर से एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। जहां हरगांव के खजुआ में शुक्रवार रात घर में घुसे पत्नी के प्रेमी की पति ने पीट-पीट कर हत्या कर दी। वहीं, पिटाई से घायल पत्नी का जिला अस्पताल में इलाल चल रहा पिटाई के बाद आरोपी पत्नी और उसके प्रेमी को अस्पताल ले गया। इसके बाद वह वहां से भाग निकला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।




हरगांव के खजुआ के रहने वाले बिरजू शुक्रवार को किसी काम से घर से निकला था। शुक्रवार रात में उसने अपनी पत्नी को फोनकर बताया कि वह रिश्तेदारी में जा रहा है। आज रात घर नहीं आएगा। कुछ देर बाद बिरजू अचानक पत्नी को बिना बताए घर पहुंच गया। घर पहुंचने तो सेमरीभान का रहने वाला रकीब और उसकी पत्नी आपत्तिजनक हालत में थे। यह देख बिरजू आग बबूला हो गया। बिरजू को देख रकीब उसे धक्का देकर भागने लगा। इस पर बिरजू ने रकीब को दौड़ाकर पकड़ लिया और डंडे से जमकर पिटाई कर दी। बिरजू की पत्नी ने रकीब को बचाने की कोशिश की तो उसको भी खूब पीटा। शोर सुनकर आसपास के लोग जुट गए। बिरजू ने दोनों की करतूत बताई तो सभी लोग वापस चले गए। पिटाई से घायल बिरलू की पत्नी और उसका प्रेमी रकीब बेहोश हो गए। दोनों को बेसुध देख बिरजू ने एंबुलेंस बुलाई। एंबुलेसं से बिरजू घायल रकीब और अपनी पत्नी को हरगांव सीएचसी लेकर पहुंचा। दोनों की हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने पुलिस को सूचना दी। उधर, सूचना मिलने पर कुछ ही देर में हरगावं पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिसकर्मियों को देख आरोपी भाग निकला। वहीं, रकीब और महिला की हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिास कर्मियों ने दोनों घायलों को जिला अस्पताल भेजवाया। जहां इलाज के दौरान रकीब की मौत हो गई। वहीं महिला की हालत गंभीर बनी हुई है। महिला के हाथ-पैर व सिर में चोट आई है। रकीब के परिवार में पत्नी व चार बच्चे हैं। इस मामले में इंस्पेक्टर बलवंत शाही ने बताया कि शव को पोस्टर्माटम के लिए भेज दिया है। आरोपी बिरजू की तलाश कमें दबिश दी जा रही है। अभी तक इस मामले में पीड़ित परिवार की ओर से कोई तहरीर नहीं दी गई है। तहरीर मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# मंडप में लेट पहुंचा दूल्हा तो गुस्साई दुल्हन ने दूसरे से कर ली शादी सिर पकड़कर बैठ गया दूल्हा

( यंग भारत न्यूज )

जीवन में हम सभी कभी न कभी लेट जरूर हुए होंगे। कभी घर पहुंचने में देरी हो जाती है तो कभी ऑफिस आने में लेट हो जाता है। इसकी कई वजहें होती हैं। रास्ते का ट्रैफिक से लेकर घर की कई समस्याएं देरी करवा देती हैं। मगर क्या आपने सुना है कि कोई अपनी शादी में ही लेट हो जाए। जी हां महाराष्ट्र से ऐसा दिलचस्प मामला सामने आया है। यहां दूल्हेराजा अपनी ही शादी में घंटों देरी से पहुंचे। मंडप में इंतजार करते-करते जब दुल्हन थक गई तो उसको गुस्सा आ गया। इसके बाद उसने ऐसा कदम उठा लिया कि दूल्हे राजा को सिर पकड़कर बैठना पड़ा। आइए जानते हैं पूरी घटना क्या है।



शादी में लेट लतीफी का ये मामला महाराष्ट्र के बुलढाणा से सामने आया है। ये घटना 22 अप्रैल की है जहां मलकापुर पंगरा गांव में शादी हो रही थी। यहां शादी की सारी तैयारियां हो चुकी थीं। बस बारात का इंतजार हो रहा था। दूल्हा बारात लेकर विवाह स्थल पर पहुंच गया था। जिससे सबको तसल्ली हो गई थी। विवाह के लिए शुभ मुहूर्त 4 बजे शाम का निकाला गया था। मंडप सज गया था और दुल्हन भी समय से ही मंडप में विवाह की रस्मों के लिए बैठ गई थी। हालांकि इसके बाद शुरू हुआ इंतजार जो खत्म ही नहीं हो रहा था। धीरे-धीरे समय बीतता जा रहा था और शाम 4 बजे की जगह 8 बज गए लेकिन दूल्हा मंडप तक नहीं पहुंचा। दुल्हन मंडप पर अपने दूल्हे का शाम 4 बजे से इंतजार कर रही थी। वहीं दूल्हे को इसकी कोई फिक्र ही नहीं थी। वो आराम से अपने दोस्तों के साथ मजे कर रहा था। उनके साथ शराब पीकर डांस करने में बिजी दूल्हे को इतना भी ध्यान नहीं रहा कि शुभ मुहूर्त निकल जाने से पहले वो मंडप में पहुंच जाए। दूसरी ओर लड़की और उसके घरवाले मंडप में बैठकर इंतजार करते रहे। घंटों इंतजार करने के बाद भी दूल्हा मंडप पर नजर ही नहीं आ रहा था। वो स्टेज पर ही नाच गाने और हंगामा करने में बिजी था। इसके बाद गुस्साई दुल्हन ने बड़ा फैसला ले लिया। उसने शराबी लड़के के साथ शादी करने से ही मना कर दिया। दुल्हन के इनकार करने के बाद वहां हड़कंप मच गया। लड़की के पिता भी सोच में डूब गए कि सारी तैयारी हो चुकी है, अब क्या होगा। इसके बाद उन्होंने अपने रिश्तेदार के लड़के से शादी करवाने का फैसला किया। ये खबर आप जस्ट अभी में पढ़ रहे हैं। हैरानी की बात है कि इस प्रस्ताव को लड़की ने भी मान लिया। उसी मंडप में दोनों की शादी करवा दी गई। वहीं शराब के नशे में रात 8 बजे जब दूल्हा शादी करने मंडप पर पहुंचा तो हैरान रह गया। वहां दुल्हन नहीं थी और न ही पंडित दिख रहा था। लड़की के पिता ने बताया कि उन्होंने अपनी बेटी की शादी रिश्तेदार के लड़के से कर दी है। इतना सुनकर दूल्हा वहीं सिर पकड़कर बैठ गया। ये घटना पूरे इलाके में चर्चा का विषय बनी हुई है।

# इण्टरनेशनल अवॉर्ड काउंसिल द्वारा किया जाएगा देश की विभूतियों का सम्मान

## नई दिल्ली में पांच सितारा होटल में दिया जाएगा भारत गौरव प्रतिभा रत्न सम्मान

( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** इण्टरनेशनल अवॉर्ड काउंसिल द्वारा देश की राजधानी दिल्ली के पांच सितारा होटल रेडिसन ब्लू में देश की विभूतियों को भारत गौरव प्रतिभा रत्न सम्मान से सम्मानित किया जाएगा।

राष्ट्र निर्माण हेतु समर्पित श्रेष्ठ एवं प्रेरणास्रोत विद्वतजनों के साथ ही लेखक, विचारक, सामाजिक कार्यकर्ता ,राष्ट्रसेवक , साहित्यकार, शिक्षक, चिकित्सक एवं अन्य क्षेत्रों में अपना विशिष्ट योगदान देने वाले व्यक्तित्वों को उनके समर्पण एवं कर्तव्यनिष्ठा को देखते हुए भारत गौरव प्रतिभा रत्न सम्मान से सम्मानित किया जाएगा संस्था के राष्ट्रीय संयोजक डॉ एस प्रकाश ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए बताया कि अंतराष्ट्रीय स्तर पर अन्य देशों में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के आधार पर नई दिल्ली में राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर




पर योगदान देने वाले व्यक्तित्वों को नई दिल्ली में रविवार, 24 मई , 2026 को आयोजित भव्य सम्मान समारोह में म प्र शासन के राज्यमंत्री पं. अशोक शर्मा के मुख्य आतिथ्य , भारत सरकार के सेवानिवृत्त वरिष्ठ आई ए एस अधिकारी तनवीर जफर अली की अध्यक्षता, मप्र शासन के मुख्यमंत्री स्कूल उदय योजना के तकनीकि प्रदेश प्रभारी विष्णुकांत कनकने के विशिष्ट आतिथ्य एवं उत्तर मध्य रेलवे के जेड आर यू सी सी के पूर्व सदस्य पं. हरिओम शर्मा एवं सुप्रीम कोर्ट, नई दिल्ली के वरिष्ठ अधिवक्ता मुकेश कुमार त्रिपाठी के विशेष सानिध्य में भव्य सम्मान समारोह में भारत गौरव प्रतिभा रत्न सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। यदि आपने अपने जीवन में कार्यक्षेत्र के अतिरिक्त अन्य विधाओं में सक्रिय रहते हुए समाजसेवा अथवा अन्य किसी भी क्षेत्र में राष्ट्र निर्माण में विशिष्ट योगदान दिया है तो आप इण्टरनेशनल अवॉर्ड काउंसिल के निर्धारित प्रारूप पर उक्त सम्मान हेतु आवेदन कर सकते हैं।

# भाजपा के मंडल अध्यक्ष के साथ बीस लाख की धोखाधड़ी में आधा दर्जन नामजद, आईजी के आदेश पर सीओ ने की थी जांच

**झांसी।** भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष के साथ जमीन खरीद फरोख्त के नाम पर बीस लाख रुपए की धोखाधड़ी करने के आरोप में रक्सा थाना पुलिस ने आधा दर्जन लोगों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज कर ली है। पीड़ित की शिकायत पर आईजी ने सीओ सदर को सौंपी थी जांच। सीओ सदर की जांच में दोषी पाए जाने पर दर्ज हुए एफआईआर।

ग्राम डागरवाह के गणेशगढ़ निवासी रवि शंकर राजपूत भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष ने दो माह पूर्व आईजी को शिकायती पत्र देते हुए बताया था कि रक्सा निवासी संजय गुप्ता, पुष्पेंद्र ठाकुर ग्राम बदन पुर निवासी , सिविल लाइन निवासी पवन अग्रवाल, बबीना के सफा निवासी राहुल यादव दो अज्ञात एक राय होकर उसके पास आए ओर उसे एक कीमती जमीन कम दामों में दिलवाने का झांसा देकर उसे अपने जाल में फंसा लिया। रवि शंकर ने आरोप लगाते हुए बताया कि संजय गुप्ता ओर अन्य लोगों ने उसे एक ग्राम सफा निवासी विरन से मुलाकात कराते हुए बताया कि इनकी एक जमीन है जिसे वह बेच रहे है। इस पर पीड़ित उनकी बातों में आ गया ओर 31 अक्टूबर 2025 को उसके पास एक व्यक्ति वीरन को लेकर आए ओर उक्त जमीन का सौदा प्रार्थी से विरन का 31 लाख में तय हुआ। रवि शंकर का आरोप है कि जमीन सौदा तय होने पर उसने दो लाख रुपए नकद दे दिए जिसका तहसील पर सौ रुपए के स्टाम्प पर एग्रीमेंट हुआ ओर लिखापढ़ी हुई। बाकी पैसा रजिस्ट्री के समय देना तय हुआ था। रवि शंकर का आरोप है कि कुछ समय बाद यह सभी लोग उसके पास आए ओर बोले कुछ पैसे की जरूरत है ओर 18 लाख रुपया नकद ले लिया। इसके कुछ दिन बाद रविशंकर को जानकारी हुई कि संजय गुप्ता आदि जिस व्यक्ति को विरन बनाकर उसके पास लाए थे वह कोई ओर था। पीड़ित ने पुलिस उप महानिरीक्षक से न्याय की गुहार लगाते हुए बताया था कि इन सभी लोगों को षड्यंत्र के तहत उसके साथ धोखाधड़ी कर उसका पैसा हड़प लिया है। पुलिस महानिरीक्षक ने इस पूरे प्रकरण की जांच सीओ सदर को सौंपी थी। सीओ सादर की जांच में रविशंकर द्वारा लगाए गए सभी आरोप सत्य पाए जाने के बाद रक्सा थाना पुलिस ने सभी के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# भाजपा का दो दिवसीय पं दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण अभियान आज से

( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** भारतीय जनता पार्टी जिला झांसी के जिलाध्यक्ष प्रदीप पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय जनता पार्टी जिला झांसी का दो दिवसीय पं दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 का शुभारंभ आज 18 मई से पैरामेडिकल कॉलेज झांसी मे होगा ।19 मई को समापन होगा। प्रशिक्षण महाअभियान में दो दिन में 11 सत्र आयोजित किये जायेंगे। प्रथम सत्र का उद्घाटन भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष मानवेन्द्र सिंह सदस्य विधान परिषद के द्वारा किया जायेगा। समापन सत्र का समापन सांसद अनुराग शर्मा के द्वारा किया जायेगा। प्रशिक्षण अभियान में संगठन से लेकर सरकार तक की उपलब्धियों बतायीं जायेंगी ।प्रशिक्षण अभियान को सफल बनाने के लिए सभी जिम्मेदार पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंप दी गयी है।



# कांग्रेस की बैठक सम्पन्न

( यंग भारत न्यूज )

**गुरसरांय।** नगर कॉन्ग्रेस कमेटी की बैठक जिला उपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश चौरसिया की अध्यक्षता में संपन्न हुई ।इसमें मुख्य अतिथि सुनील दुबेदी जिला महासचिव ,विशेष अतिथि सुरेश नगाइच जिला सचिव उपस्थित रहे ।



इस बैठक मैं नगर कॉन्ग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों को नगर अध्यक्ष अभिषेक चतुर्वेदी द्वारा वितरण कर उनका दायित्व सौंपा गया। कार्यक्रम का संचालन अशोक सैन ने किया ।कार्यक्रम को सोनल पटेल पूर्व नगर अध्यक्ष इकबाल खान ,आंसू गुजर ,अश्वनी पस्तोर आदि ने संबोधित किया। अंत में आभार आजाद खान मेंबर ने व्यक्त किया। इस मौके पर मनोज कुमार, आशीष बर्मा, लालाराम पांचाल, आशीष चतुर्वेदी, भानु बर्मा, आरिफ खान, ठाकुरदास, राघवेंद्र सेनी, राजीव, आलोक दुबेदी, पंकज पांचाल, शशिकांत चौरसिया को नियुक्ति पत्र सौंपे गए।

# मेरे पति से बात क्यों करती...कहने पर महिला ने की आत्महत्या

## पड़ोसी की पत्नी ने अफेयर के शक में की थी पिटाई, बदनामी से थी परेशान

**झांसी।** जनपद में रविवार को एक महिला ने सुसाइड कर लिया। 15 मई को महिला अपने घर के बाहर पोते को खिला रही थी। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाला एक युवक वहां आया और बच्चे को खिलाने के बहाने अपने घर ले गया।

करीब 5 मिनट बाद युवक की पत्नी और उसके अन्य परिजन वहां पहुंच गए। युवक की पत्नी को शक था कि उसके पति और महिला के बीच अफेयर चल रहा है। उसने महिला से कहा-तुम मेरे पति से बात क्यों करती हो ? इसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। इसके बाद युवक की पत्नी ने अपने परिजनों के साथ मिलकर महिला की पिटाई कर दी। जाते समय आरोपियों ने महिला को धमकी दी। परिजनों के मुताबिक, मारपीट और आरोपों के बाद गांव में महिला की काफी बदनामी हुई, जिससे वह मानसिक रूप से परेशान रहने लगी। रविवार सुबह उसका शव घर में फंदे से लटका मिला। घटना के बाद परिजनों ने आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।


अन्नू देवी, मृतक

पूरा मामला शाहजहांपुर थाना क्षेत्र के तालौड़ गांव का है। मृतका महिला का नाम अन्नू देवी (45) पत्नी बाबूलाल पाल था। वह शाहजहांपुर के तालौड़ गांव की रहने वाली थी। मृतका के देवर मुकेश पाल ने बताया- मेरी भाभी अन्नू घर पर रहती थीं, जबकि बड़े भाई खेती-किसानी करते हैं। उनके दो बेटे कमलेश और अजय हैं। दोनों की शादी हो चुकी है। बड़े भाई चिरगांव में मकान बनवा रहे हैं, इसलिए वह बेटों के साथ वहीं रहते हैं। 15 मई को घर पर भाभी और उनका 5 साल का पोता मौजूद था। दोपहर के समय पोता घर के बाहर खेल रहा था। तभी गांव का एक युवक उसे गोद में उठाकर घर के अंदर ले आया। कुछ देर बाद युवक की पत्नी और उसके अन्य परिजन वहां पहुंच गए। युवक की पत्नी भाभी से कहने लगी कि तुम मेरे पति से बात क्यों करती हो। उसे शक था कि दोनों के बीच अफेयर है। भाभी लगातार उन्हें समझाती रहीं और आरोपों से इनकार करती रहीं, लेकिन वे लोग नहीं माने। इसके बाद सभी ने मिलकर भाभी के साथ मारपीट की और धमकी देकर वहां से चले गए। घटना के बाद गांव में काफी बदनामी होने से भाभी मानसिक रूप से आहत हो गई थीं। वह किसी से ज्यादा बात नहीं कर रही थीं। शनिवार रात उन्होंने खाना खाया और घर में सोने चली गईं। रविवार सुबह काफी देर तक जब भाभी बाहर नहीं आईं तो उनकी सास उन्हें देखने गईं। वहां देखा कि वह भूसा रखने वाले कमरे में रस्सी का फंदा बनाकर लटकी हुई थीं। घटना के बाद आसपास के लोग मौके पर जुट गए और पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया। परिजनों ने आरोपियों के खिलाफ तहरीर भी दे दी है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। शाहजहांपुर थाना प्रभारी सत्यप्रकाश शर्मा ने बताया-शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। पूरे मामले की जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# तालाब भरने के लिए एकजुट हुए पार्षद

## -शासन से तालाब भरने की मांग की

( यंग भारत न्यूज )

**गुरसरांय।** नगर में व्याप्त पेयजल समस्या को लेकर पालिका अध्यक्ष जयपाल सिंह चौहान के पक्ष में नगर पालिका परिषद के समस्त पार्षदों ने विशेष बैठक कर तालाब भरने की मांग की।



बैठक में बोलते हुए पार्षद नीरज घोष ,नितेश मोदी, भरत राठौर,अज्जू मौर्य, गोविंद सिंह सिसोदिया, ऋषभ वशिष्ठ आदि ने कहा कि तालाब खाली होने से नगर में पेयजल का संकट गहरा गया है ।हैंडपंपों का जलस्तर नीचे चला गया है ।महिलाओं को दूर दराज से पानी भरना पड़ रहा है। इस भीषण समस्या को देखते हुए तालाब को अभिलंब भरा जाए ।इसके अलावा पार्षद दीपक यादव प्रतिनिधि, अखंड यादव, कैलाश कुशवाहा, सलमान खान ,बृजेंद्र घोष ,आदि ने भी संबोधित करते हुए तालाब भरने की पुरजोर मांग शासन से की । बैठक में पार्षद राजू वाला ,अखिलेश कुमार ,लोकेंद्र सिंह, राजीव कुमार ,गजेंद्र सिंह बरोनया ,सुनील कुमार ,राकेश कुमार ,अजय कुमार ,भरत ,भुवनेश अर्जरिया ,सुमंत सोनी, देवी सिंह, पूर्व पार्षद राकेश त्रिपाठी ,ठेकेदार गुड्डू चौहान आदि उपस्थित रहे।

# झांसी महानगर जिला प्रशिक्षण वर्ग हुआ प्रारंभ

**झाँसी।** भारतीय जनता पार्टी झांसी महानगर द्वारा आयोजित जिला प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ बड़े उत्साह एवं संगठनात्मक गरिमा के साथ प्रारंभ हुआ ।प्रशिक्षण वर्ग के प्रथम उद्घाटन सत्र में उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री रामकेश निषाद ने फीता काटकर प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा दीप प्रज्वलन कर भाजपा का इतिहास एवं विकास विषय पर प्रथम सत्र का शुभारंभ किया अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सुधीर सिंह ने की।

द्वितीय सत्र में क्षेत्रीय उपाध्यक्ष नरेंद्र राजपूत ने कार्यकर्ता विकास एवं संगठन संभाल विषय पर विस्तार से मार्गदर्शन देते हुए कार्यकताओं को संगठन की मजबूती एवं कार्यशैली के विषय में जानकारी दी ।तृतीय सत्र में वक्ता हर्ष द्विवेदी एवं हिमांशु दुबे ने ॄमीडिया प्रबंधनॄ विषय पर कार्यकताओं को सोशल मीडिया, जनसंपर्क एवं संगठन की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के प्रभावी तरीकों के बारे में बताया ।चतुर्थ सत्र में वर्ग प्रभारी नागेंद्र गुप्ता ने व्यावहारिक सत्र के माध्यम से कार्यकताओं को संगठनात्मक कार्यप्रणाली, अनुशासन एवं व्यवहारिक गतिविधियों की जानकारी दी ।पंचम सत्र में सांसद अनुराग शर्मा ने देश के समक्ष चुनौतियां विषय पर अपने विचार रखते हुए राष्ट्रहित में भाजपा सरकार की नीतियों एवं कार्यों पर प्रकाश डाला ।इसी क्रम में षष्ठम सत्र में प्रदेश उपाध्यक्ष/विधान परिषद सदस्य मानवेंद्र सिंह ने ॄकार्य विस्तार एवं चुनाव प्रबंधनॄ विषय पर कार्यकताओं को संबोधित करते हुए बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने एवं आगामी चुनावों की रणनीति पर महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया ।कार्यक्रम में उपस्थित क्षेत्रीय महामंत्री रामकिशोर साहू,सदर विधायक रवि शर्मा, विधान परिषद सदस्य रमा निरंजन, गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता, महापौर बिहारी लाल आर्य, पिछड़ा आयोग के सदस्य कुलदीप, श्याम सुंदर सिंह, के पी राजपूत, राकेश पाल, बीरेंद्र यादव, संतोष सोनी, जयदेव पुरोहित, मुकेश मिश्रा हेमंत परिहार, विकास कुशवाहा, अरविंद राजपूत, मनु सिंह, रानू देवालिया, अखिलेश गुप्ता नीलू,अभिषेक जैन, कपिल बिरसेनिया,देवेंद्र दुबे, अंकित राजा यादव, विनीत खटीक, ममता साहू, मीनू राजावत, मंगल श्रीवास्तव, देवी मंजुलता, प्रियांशु डे, मोहित पोरवाल, हेमंत पांचाल, चेतन ओझा,शैलेंद्र परमार, कमलेश परिहार, दीपा कुशवाहा, राहुल कुर्ली, जीतू शिवहरे,के साथ मण्डल अध्यक्ष एवं कार्यकताओं ने संगठन की विचारधारा एवं राष्ट्रहित के संकल्प को और अधिक मजबूती देने का संकल्प लिया।

# प्रधानाचार्य ने की ई रिक्सा से यात्रा

( यंग भारत न्यूज )



**गुरसरांय।** (पेट्रोल-डीजल) की खपत कम करने और विदेशी मुद्रा बचाने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील का पालन करते हुए खैर इंटर कॉलेज गुरसरांय के प्रधानाचार्य पंडित धनप्रकाश तिवारी ने अपने ग्राम उल्दन ब्लॉक बंगरा से गुरसरांय तक की यात्रा ई रिक्शा से की। उन्होंने कहा कि पेट्रोल की खपत कम करने के लिए प्रधानमंत्री की अपील का पालन करें ।उनके साथ शिवम गिरी भी यात्रा में सम्मलित रहे।

# नौकरी लगवाने के नाम पर पांच लाख की ठगी करने वाली स्टाफ नर्स गिरफ्तार

**झांसी।** नवाबाद थाना पुलिस ने सरकारी नौकरी लगवाने के नाम पांच लाख की ठगी ओर जान से मारने की धमकी देने वाली महारानी लक्ष्मी बाई मेडिकल कॉलेज में तैनात स्टाफ नर्स को आज गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के मुताबिक 26 मई 2025 को ग्राम दिगारा निवासी अनोखी देवी ने थाना नवाबाद में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि मेडिकल कॉलेज में स्टाफ नर्स के पद पर कार्यरत नई बस्ती व हाल राजीव नगर नगरा निवासी कंचन प्रजापति ने उसे नौकरी लगवाने के नाम पर पांच लाख रुपए ले लिए ओर उसे फर्जी कूट रचित दस्तावेज जॉइनिंग लेटर दे दिए। पीड़िता ने आरोप लगाया था कि जब वह ज्वाइनिंग लेटर लेकर संबंधित विभाग गई तो पता चला कि वह फर्जी है। इसके बाद जब पीड़िता ने कंचन प्रजापति से अपने रुपए वापस मांगे तो उसने रुपए देने से इनकार कर उसे जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर विवेचना करते हुए आज आरोपी महिला स्टाफ नर्स को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# शोक जताया

( यंग भारत न्यूज )

**गुरसरांय।** टीचर्स कॉलोनी निवासी चंद्रशेखर शर्मा अध्यापक की माता जी का ग्राम तोड़ी आमली में निधन हो गया है। उनके निधन पर एक शोक सभा में खंड शिक्षा अधिकारी मनोज लक्षाकार,परशुराम पाठक,सुनील नगाइच,आदर्श द्विवेदी, कुंजबिहारी अरजरिया, अबधेश खरे,राजेश त्रिपाठी, अविनाश गोस्वामी ,के के तिवारी,राम बाबू शर्मा,ओ पी शर्मा,ठाकुरदास तिवारी,राघवेंद्र सिंह यादव आदि ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

मालिक.मुद्रक, प्रकाशक, संपादक संजय श्रीवास्तव द्वारा सेलेक्ट ऑफसेट पता 17, सरकपुर सरैया, छठामील, बी०के०टी० लखनऊ उ0प्र0.226201, लखनऊ से मुद्रित एवं 20 कृष्णा नगर उरई जालौन से प्रकाशित प्रधान संपादक संजय श्रीवास्तव फोन न. +919415055318
(पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिमेदार सभी विवादों का न्याय क्षेत्र उरई जालौन न्यायालय के अधीन होगा। निदेशक अनिल शर्मा, प्रबंध संपादक इं० शिवम श्रीवास्तव RNI NO UPHIN/2011/39718